सुप्रभात
रांची, रविवार
28.01.2024
नगर संस्करण । पेज : 12+12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net माघ, कृष्ण पक्ष, तृतीया संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 195 06 घरेलू काम के लिये वेतन मिलना ही चाहिए

## 75 वें गणतंत्र दिवस

के पावन अवसर पर
चंदवा प्रखंड समेत समस्त लातेहार जिलावासियों को
**हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।**



आईये हम सभी मिलकर
माननीय
**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी**
के हांथो को मजबूत
करें व उनके द्वारा चलाये जा रहे
लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ
अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में
सहभारी बने।

**अमित कुमार गुप्ता**
भाजपा मंडल अध्यक्ष
चंदवा

**भाजपा परिवार चंदवा**

महेन्द्र प्रसाद साहू, राजकुमार पाठक, आशिष सिंह, संजय साहू, विजय दुबे, जयराम साहू, मंजू देवी, दीपक निषाद, शिवकेश्वर यादव, मनिष गुप्ता, हिरामणी देवी, भुनेश्वर प्रजापति, राजेश गंझू, विभा साहू, विनोद कुमार बिनू,सेट्टी सिंह, सचिन कुमार, रिंकी वर्मा, संटू कुमार गुप्ता, दुर्गा ठाकुर, सूर्य नारायण साहू, विरेन्द्र प्रसाद, प्रेमनाथ साहू, सुनिल मुंडा, उमेश गंझू, देवमणि वैद्य, आशिष लाल, प्रदीप ठाकुर, राजन भगत, साजिद खान, शशि देवी, श्रुति देवी, शंकर मुंडा, मनोज पाठक, मुरारी साव, रामकिशुन गंझू, जनक महतो, अमित सिंह, शर्मा गंझू, संतन साहू, अर्जुन यादव, रविन्द्र साव, यमुना चौधरी, मदन साव, अमित कुमार व समस्त भाजपा कार्यकर्ता।

**निवेदकः- भाजपा मंडल कमिटि चंदवा**

## 75 वें गणतंत्र दिवस

के शुभ अवसर पर लातेहार जिला समेत
समस्त देश वासियों को
**हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं**
आइये हम सभी मिलकर लातेहार जिले के
विकास व अग्रणी बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान दें।



**राजेश नाथ शाही**
समाजसेवी चंदवा लातेहार

## 75 वें गणतंत्र दिवस

के पावन अवसर पर समस्त लातेहार जिलेवासियों को
**हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं**
आईये हम सभी मिलकर
माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हांथो को मजबूत करें।



**चेतलाल रामदास**
युवा भाजपा नेता लातेहार विधानसभा क्षेत्र

## 75 वें गणतंत्र दिवस

के पावन अवसर पर मनिका विधानसभा क्षेत्र समेत पुरे झारखंड प्रदेशवासियों को
**हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं**
मनिका विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास एक मात्र लक्ष्य



निवेदकः-



**हरिशंकर यादव**
विधायक प्रतिनिधि मनिका
(वि.स., लातेहार)

**रामचंद्र सिंह**
विधायक मनिका विधान सभा क्षेत्र

## सीएम ने गणतंत्र दिवस पर दुमका पुलिस लाइन मैदान में फहराया तिरंगा, कहा

# लोगों के दरवाजे तक पहुंच रही सरकार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 75वें गणतन्त्र दिवस के मौके पर दुमका के पुलिस लाइन में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस मौके पर सीएम ने कहा कि झारखंड तभी सशक्त होगा जब यहां के गांव मजबूत होंगे। सरकार ने गांवों को मजबूत करने की दिशा में पहल करते हुए बिरसा हरित योजना, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, बिरसा सिंचाई योजना, दीदी बाड़ी योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना जैसी योजनाएं चलायी जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मैं स्वयं सभी जिला मुख्यालयों में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुआ और दूर-दराज इलाके में रहने वाले गरीबों की समस्याओं से रूबरू होने का अवसर प्राप्त हुआ।



**राज्य सरकार युवाओं को उपलब्ध करा रही नौकरी :** मुख्यमंत्री ने कहा कि रेलवे, एसएससी आदि नियुक्तियों में कमी आने के बाद राज्य सरकार ने माध्यमिक शिक्षक, सहायक अभियंता, निम्नवर्गीय लिपिक, दंत चिकित्सक, पशु चिकित्सक पंचायत सचिव आदि पदों पर हजारों नौकरियां दीं। आगे भी हजारों पदों पर बहाली के लिए प्रक्रिया अलग-अलग चरणों में है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए आधुनिक शिक्षा व्यवस्था की जा रही है, इन विद्यालयों को सीबीएसई से सम्बद्ध किया जा रहा है।

**बीते साल सुखाड़ के बाद केंद्र से सहयोग नहीं मिला :** मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि पिछले वर्ष सुखाड़ की चुनौतियां रहने के बावजूद केन्द्र सरकार से अपेक्षित सहायता नहीं मिली। बावजूद इसके मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना तथा झारखण्ड कृषि ऋण माफी योजना के माध्यम से किसानों को हर संभव सहायता पहुंचाने का प्रयास किया। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि बिरसा सिंचाई कूप योजना के नाम से एक नयी योजना प्रारम्भ की गयी है, जिसके तहत 10 लाख कूपों का निर्माण होगा। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अन्तर्गत वित्त वर्ष 2023-24 में 1000 करोड़ रुपये के बजटीय उपबंध से 2000 किमी पथों के निर्माण का लक्ष्य है।

**स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रित पत्नी को किया गया सम्मानित**

स्वतंत्रता सेनानी स्व धनेश्वर मंडल की आश्रित पत्नी चन्द्रावती देवी (ग्राम- बंदरी, प्रखण्ड- सरैयाहाट, जिला- दुमका), स्व0 पतरू राय की आश्रित पत्नी परवतिया देवी (ग्राम- परसदाहा, प्रखण्ड- सरैयाहाट, जिला- दुमका) और स्व0 दशरथ राय की आश्रित श्रीमती सरोतिया देवी (ग्राम- डेलीपाथर, प्रखण्ड- रामगढ़, जिला- दुमका)

**पुरस्कृत होने वाली परेड टुकड़ी**

प्रथम पुरस्कार- एसएसबी-35 वाहिनी , द्वितीय पुरस्कार-एसआईआरबी- 01 दुमका और तृतीय पुरस्कार - एनसीसी बटालियन एवं भारत स्काउट एंड गाइड (महिला ), दुमका

**इन विभागों की झांकियों को मिला पुरस्कार**

प्रथम पुरस्कार- पर्यटन विभाग, दुमका, द्वितीय पुस्कार- जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, दुमका और तृतीय पुरस्कार- वन विभाग, दुमका।

**झारखण्ड आंदोलनकारी के आश्रित को मिला नियुक्ति पत्र**

क्लेमेंट मुर्मू, (निम्नवर्गीय लिपिक, साहेबगंज), विजय कुमार मुर्मू (निम्नवर्गीय लिपिक, साहेबगंज), राजेश हेमब्रम (अनुसेवक, साहेबगंज) और मारंग मुर्मू (अनुसेवक, साहेबगंज)।

**झारखंड आंदोलनकारी के आश्रित को शॉल एवं पेंशन प्रमाण पत्र प्रदान किया**

महादेव टुडू (अंचल -मसलिया ), नागेंद्र हेमब्रम (अंचल -जरमुण्डी)

**योजना एवं विकास विभाग अंतर्गत जिला योजना कार्यालय, दुमका के तहत इन्हें मिला नियुक्ति पत्र**

राजू कुमार और गीतिल तिरिया।

## युवा संपर्क यात्रा समापन समारोह हुआ आयोजित

# सकारात्मक राजनीतिक परिवर्तन के लिए युवा संघर्षशील बनें: सुदेश महतो

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची/पाकुड़।** राजनीति को बदलने की तैयारी है। इसके लिए एक जिम्मेदार नेतृत्व को विधानसभा में लाना होगा। मेरा दायित्व जनता की सेवा और उनका भविष्य निर्माण करना है। हम वर्ग नहीं जरूरतमंद यक्ति को देख कर उनके हित में विकास का कार्य करते हैं। आज सबसे बड़ी चुनौती है अच्छा काम करना। उक्त बातें आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने रहसपुर मदरसा मैदान, पाकुड़ में आयोजित युवा संपर्क यात्रा समापन समारोह के दौरान कही। युवा सम्पर्क यात्रा का दूसरा चरण 13 जनवरी से 23 जनवरी तक पाकुड़ प्रखंड के 36 पंचायतों में किया गया। इससे पहले इस यात्रा का आयोजन बरहरवा प्रखंड में हुआ था। इस यात्रा के माध्यम से आजसू के युवा वर्ग ने पाकुड़ क्षेत्र और प्रदेश में फैली कुव्यवस्था, अराजकता, भ्रष्टाचार और वादाखिलाफी के विरुद्ध खड़े होकर सकारात्मक राजनीतिक परिवर्तन के लिए संघर्ष करने का काम किया।



सुदेश महतो ने कहा कि राज्य सरकार के कार्यकाल में झारखंड के मान, सम्मान और प्रतिष्ठा पर आंच आई है। इन चार सालों में इन्होंने अपनी गलत नीति और नीयत से राज्य और राज्यवासियों के समय के साथ ही उनकी तरक्की का भी बड़ा नुकसान किया है। उन्होंने कहा कि राज्य की वर्तमान हालत देख कर अलग राज्य के लिए संघर्ष करने वाले आंदोलनकारी दुखी हैं। आज गलत नेतृत्व ने पाकुड़ को हाशिये पर खड़ा कर दिया है। यह क्षेत्र आज भी विकास से कोसों दूर है। ग्रामीण विकास मंत्री के क्षेत्र के गांवों का हाल बेहाल है।

युवा संपर्क यात्रा समापन समारोह में शामिल होने रांची से पाकुड़ जाने के क्रम में विभिन्न स्थानों पर सुदेश महतो का भव्य स्वागत किया गया। युवा संपर्क यात्रा समापन समारोह को पार्टी के उपाध्यक्ष अकील अख्तर, महासचिव एमटी राजा, महासचिव नजरुल हसन हाशमी, महासचिव जोनाथन टुडु, अर्जुन बैठा, तरुण गुप्ता, खालिद खलील ने भी संबोधित किया।

मौके पर जामताड़ा विधानसभा प्रभारी तरुण गुप्ता, महासचिव माधव चंद्र महतो, महासचिव अर्जुन बैठा,आलमगीर अलाम, आदर्श लक्ष्य, चतुरानंद पांडेय, सुरेश महतो, राजेश महतो सहित पार्टी के कई पदाधिकारी उपस्थित रहें।

### अवैध खनन मामले के आरोपी सुनील यादव की अर्जी पर 31 को सुनवाई

**रांची।** अवैध खनन से प्राप्त 1000 करोड़ रुपए से अधिक कमाई की मनी लाउंड्रिंग करने के आरोपी पंकज मिश्रा के सहयोगी सुनील यादव की ओर से दाखिल डिस्चार्ज अर्जी पर ईडी कोर्ट में आंशिक सुनवाई हुई। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 31 जनवरी निर्धारित की है। मामले में जवाब दाखिल करना है। सुनील यादव ने बीते 21 दिसंबर को मामले से आरोप मुक्त की गुहार लगा याचिका दाखिल की है।

## लोकसभा चुनाव को लेकर तीसरे मोर्चा का हुआ गठन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राज्य की विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की शनिवार को प्रेस क्लब में बैठक हुई। पूर्व ऊर्जा मंत्री लालचंद महतो की अध्यक्षता में हुई बैठक में 13 दलों को मिलाकर तीसरे मोर्चा का गठन किया गया। इसमें एआईएमआइएम (ओवैसी), बहुजन सदान मोर्चा, जन साधारण पार्टी, झारखंड जनक्रांति मोर्चा, राष्ट्रीय जयहिंद पार्टी, राष्ट्रीय हिन्द पार्टी, संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी, झारखंड नव निर्माण दल, भारतीय आजाद सेना, आम अवाम विकास मोर्चा, झारखंड पीपुल्स पार्टी और झारखंड युथ शामिल हैं। लालचंद महतो को तीसरे मोर्चे का संयोजक बनाया गया। बैठक में ईवीएम से चुनाव नहीं कराने की मांग को लेकर आठ फरवरी को राजभवन के समक्ष मोर्चा के लोग धरना प्रदर्शन करेंगे। बैठक में सभी दल के लोग शामिल थे।

## झारखंड के मत्स्य कृषक दंपति गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय समारोह में हुए शामिल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/नई दिल्ली।** झारखंड के मत्स्य कृषक दम्पतियों को देश के 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के कर्त्तव्य पथ पर झंडोत्तोलन तथा झांकी को देखने का अवसर मिला। झारखंड में तसर उत्पादन के थीम एवं महिला सशक्तिकरण के ऊपर झारखंड की झांकी भी गणतंत्र दिवस परेड में आकर्षण का केंद्र रही। द्वितीय बेला में परषोत्तम रूपाला, मंत्री



मात्स्यिकी, डेयरी तथा पशुपालन मंत्रालय एवं केन्द्रीय सचिव अभिलाक्ष्य लेखी, (आइएएस), सागर मेहरा, (आइएडी ) ने सभी किसानों से वन टू वन वार्ता की।

गौरतलब है कि झारखंड मत्स्य निदेशालय के उप निदेशक, मत्स्य, शंभू प्रसाद एवं मुख्य अनुदेशक प्रशांत कुमार दीपक के नेतृत्व में सात मत्स्य कृषक दंपतियों को इस बार गणतंत्र दिवस समारोह में आमंत्रित किया गया था।

## राज्य सरकार ने आर्थिक विकास के साथ सामाजिक सुरक्षा पर की पहल : स्पीकर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** विधानसभा में 75वें गणतंत्र दिवस पर विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो ने झंडोत्तोलन किया। मौके पर उन्होंने कहा कि कि झारखंड सरकार ने आर्थिक विकास के साथ-साथ सामाजिक सुरक्षा पर विशेष पहल की है। अभी भी सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में काफी लंबी दूरी तय करनी है। देश की आर्थिक विकास की गति को तेज करने के साथ-साथ हमें इस विकास को समावेशी भी बनाना होगा, तभी हम अपने राष्ट्र निर्माता के उद्देश्यों को प्राप्त करने में सफल हो पाएंगे। उन्होंने कहा कि आज भारत आर्थिक सामाजिक और कूटनीतिक रूप से पूरे विश्व के अग्रणी राष्ट्रों में शामिल है परंतु विकास की कहानी तब तक अधूरी रहेगी जब तक देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के शब्दों में हम हर आंख से आंसू पोछने के अपने वायदे को पूरा नहीं करते।




**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 38 वर्ष 2023–24**

पत्रांक :– 111 / गुमला, दिनांक :– 27/01/2024.

1. विभाग का नाम :– जल संसाधन (लघु सिंचाई) विभाग, झारखंड सरकार, रॉंची।
2. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला।
3. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :– 06.02.2024 को (10:00 बजे पूर्वाह्ण से 1:00 बजे अपराह्न तक)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– 07.02.2024 को 03:00 बजे अपराह्न तक
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 07.02.2024 को 3:30 बजे अपराह्न
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– (1) कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला। (2) सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई अनुमंडल, गुमला।
7. निविदा प्राप्ति एवं निविदा खोलने का स्थान :– कार्यालय परिसर, लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला।
8. परिमाण विपत्र का मूल्य :– राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट जो राष्ट्रीयकृत बैंक, गुमला में भुगतेय हो, मान्य होगा।
9. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप सं0 | योजना का नाम | प्रखंड | योजना मद का नाम | परिमाण विपत्र की राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि | निविदादाता की समुचित श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | न्यू प्राथमिक विद्यालय बंधटोली में दो यूनिट शौचालय का निर्माण पंचायत–अमलिया प्रखण्ड–भरनो जिला गुमला<br>राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुसुमबाहा में दो यूनिट शौचालय का निर्माण पंचायत–मारासिल्ली प्रखण्ड–भरनो जिला गुमला | भरनो<br>भरनो | Untied fund | 572600.00 | 11,500.00 | 1250.00 | तीन माह | श्रेणी–04 |
| 2 | न्यू प्राथमिक विद्यालय पिरहापथ में दो यूनिट शौचालय का निर्माण पंचायत– डोम्बा प्रखण्ड–विशुनपुर जिला गुमला<br>उत्क्रमित मध्य विद्यालय लंगड़टांड में दो यूनिट शौचालय का निर्माण पंचायत–नरमा प्रखण्ड–विशुनपुर जिला गुमला<br>उत्क्रमित बालिका मध्य विद्यालय ओरया में दो यूनिट शौचालय का निर्माण पंचायत–चिरोडीह प्रखण्ड– विशुनपुर जिला गुमला | विशुनपुर | Untied fund | 858900.00 | 11,500.00 | 1250.00 | तीन माह | श्रेणी–04 |
| 3 | न्यू प्राथमिक विद्यालय ठेकराटोली में दो यूनिट शौचालय का निर्माण पंचायत–उमड़ा प्रखण्ड–पालकोट जिला गुमला<br>बालिका प्राथमिक विद्यालय चिरोटांड में दो यूनिट शौचालय का निर्माण पंचायत–कुलुकेरा प्रखण्ड– पालकोट जिला गुमला | पालकोट | Untied fund | 572600.00 | 11,500.00 | 1250.00 | तीन माह | श्रेणी–04 |
| 4 | प्राथमिक बालिका विद्यालय हरनाखाड में दो यूनिट शौचालय का निर्माण पंचायत–आंजन प्रखण्ड– गुमला जिला गुमला<br>बलिका प्राथमिक विद्यालय गुमला(HRA) में दो यूनिट शौचालय का निर्माण पंचायत–गुमला प्रखण्ड– गुमला जिला गुमला | गुमला | Untied fund | 572600.00 | 11,500.00 | 1250.00 | तीन माह | श्रेणी–04 |
| 5 | न्यू प्राथमिक विद्यालय निधियाटोली में दो यूनिट शौचालय का निर्माण पंचायत–चपका प्रखण्ड–घाघरा जिला गुमला<br>बालिका प्राथमिक विद्यालय बुरहु में दो यूनिट शौचालय का निर्माण पंचायत–बेलागड़ा प्रखण्ड–घाघरा जिला गुमला | घाघरा | Untied fund | 5,72,600.00 | 11,500.00 | 1250.00 | तीन माह | श्रेणी–04 |
| 6 | न्यू प्राथमिक विद्यालय पिठवरटोली में दो यूनिट शौचालय का निर्माण पंचायत–देवाकी प्रखण्ड–घाघरा जिला गुमला<br>उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय चुल्हामाटी में दो यूनिट शौचालय का निर्माण पंचायत–सारांगो प्रखण्ड– घाघरा जिला गुमला | घाघरा | Untied fund | 5,72,600.00 | 11,500.00 | 1250.00 | तीन माह | श्रेणी–04 |
| 7 | हर्रा टिनटांगर में दो यूनिट शौचालय का निर्माण पंचायत–बेंदोरा प्रखण्ड– चैनपुर जिला गुमला<br>उत्क्रमित बालिका मध्य विद्यालय ओरामार में दो यूनिट शौचालय का निर्माण पंचायत–बामदा प्रखण्ड– चैनपुर जिला गुमला<br>उत्क्रमित बालिका प्राथमिक विद्यालय मिरचईपाट में दो यूनिट शौचालय का निर्माण पंचायत–करनी प्रखण्ड– डुमरी जिला गुमला। | चैनपुर | Untied fund | 8,58,900.00 | 17,200.00 | 1250.00 | तीन माह | श्रेणी–04 |
| 8 | प्राथमिक विद्यालय कोन्सा सरनाटोली में दो यूनिट शौचालय का निर्माण पंचायत–कोनसा प्रखण्ड– कामडारा जिला गुमला।<br>उत्क्रमित विद्यालय तेलंगाटोली में दो यूनिट शौचालय का निर्माण पंचायत–टुरूण्डु प्रखण्ड–कामडारा जिला गुमला | कामडारा | Untied fund | 5,72,600.00 | 11,500.00 | 1250.00 | तीन माह | श्रेणी–04 |
| 9 | उत्क्रमित उच्च विद्यालय पुतुंग देवीडीह में दो अतिरिक्त वर्ग कक्ष का निर्माण पंचायत– मेराल प्रखण्ड– प0अ0ए0 जारी जिला– गुमला। | प0अ0ए0 जारी | Untied fund | 1984981.00 | 39,700.00 | 5000.00 | तीन माह | श्रेणी–03 |
| 10 | प्राथमिक विद्यालय हाकाजंग में दो अतिरिक्त वर्ग कक्ष का निर्माण, पंचायत– घाघरा प्रखण्ड–विशुनपुर जिला गुमला। | विशुनपुर | Untied fund | 1984981.00 | 39,700.00 | 5000.00 | तीन माह | श्रेणी–03 |
| 11 | बलिका मध्य विद्यालय हाडुप में दो अतिरिक्त वर्ग कक्ष का निर्माणए पंचायत– सेरका प्रखण्ड–विशुनपुर जिला – गुमला। | विशुनपुर | Untied fund | 1984981.00 | 39,700.00 | 5000.00 | तीन माह | श्रेणी–03 |
| 12 | उत्क्रमित बालिका मध्य विद्यालय केचकी में दो अतिरिक्त वर्ग कक्ष का निर्माण, पंचायत–सेरका, प्रखण्ड– विशुनपुर, जिला– गुमला। | विशुनपुर | Untied fund | 1984981.00 | 39,700.00 | 5000.00 | तीन माह | श्रेणी–03 |
| 13 | राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय पोढा में दो अतिरिक्त वर्ग कक्ष का निर्माण, पंचायत रूकी प्रखण्ड– घाघरा जिला– गुमला । | घाघरा | Untied fund | 1984981.00 | 39,700.00 | 5000.00 | तीन माह | श्रेणी–03 |
| 14 | राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय जामगांई में दो अतिरिक्त वर्ग कक्ष का निर्माण, पंचायत सरांगो प्रखण्ड– घाघरा जिला– गुमला। | घाघरा | Untied fund | 1984981.00 | 39,700.00 | 5000.00 | तीन माह | श्रेणी–03 |
| 15 | उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कोन्सा सरनाटोली में दो अतिरिक्त वर्ग कक्ष का निर्माण, प्रचायत–कोन्सा प्रखण्ड–कामडारा जिला गुमला। | कामडारा | Untied fund | 1984981.00 | 39,700.00 | 5000.00 | तीन माह | श्रेणी–03 |
| 16 | राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय सेमरा में दो अतिरिक्त वर्ग कक्ष का निर्माण, पंचायत कोलेंग प्रखण्ड– पालकोट जिला– गुमला । | पालकोट | Untied fund | 1984981.00 | 39,700.00 | 5000.00 | तीन माह | श्रेणी–03 |
| 17 | राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय मरदा में दो अतिरिक्त वर्ग कक्ष का निर्माण, पंचायत पीबो प्रखण्ड– रायडीह जिला– गुमला। | रायडीह | Untied fund | 1984981.00 | 39,700.00 | 5000.00 | तीन माह | श्रेणी–03 |
| 18 | उत्क्रमित बालिका उच्च विद्यालय तबेला में दो अतिरिक्त वर्ग कक्ष का निर्माण, प्रंचायत–बारडीह प्रखण्ड– चैनपुर जिला गुमला। | चैनपुर | Untied fund | 1984981.00 | 39,700.00 | 5000.00 | तीन माह | श्रेणी–03 |
| 19 | पंचायत रामतोल्या अंतर्गत ग्राम महुआटोली में कामडागढ़ा पुल से दोन सीमान तक पी0 सी0 सी0 पथ का निर्माण, प्रखण्ड कामडारा जिला गुमला। | कामडारा | Untied fund | 2451900.00 | 49,100.00 | 5000.00 | तीन माह | श्रेणी–03 |

निविदा की शर्तें :–
1. बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के स्वयं के खाता से निर्गत हुआ हो तथा बैंक ड्राफ्ट की वैद्यता अवधि निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह तक का हो, मान्य होगा।
2. निविदा में 10% न्युनतम दर से अधिक न्युनतम दर उद्धृत करने पर प्राक्कलित राशि का 20% अथवा 30% अतिरिक्त जमा राशि का डाकघर सावधी जमा पासबुक/बैंक द्वारा निर्गत फिक्स डिपोजिट निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
3. जो निम्न है:– 1. 10% से 20 प्रतिशत कम दर की राशि का 20% तक।
2. 20% प्रतिशत से अधिक कम दर की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत राशि देय होगा।
10. निविदा से संबंधित सभी सूचना अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय के सूचनापट पर देखा जा सकता है।

E-mial ID – eemidgum@gmail.com.

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला।

PR 317078 (Minor Irrigation) 23-24 (D)


## आज से तापमान में होगी बढ़ोत्तरी, ठंड कम होने के आसार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में सर्दी का सितम जारी है। उत्तरी पश्चिमी जिले जहां शीतलहर की चपेट में हैं, वहीं ज्यादातर जिलों में पारा 10 डिग्री सेल्सियस से कम है। मौसम केंद्र के अनुसार 28 तारीख के बाद न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होगी।

**02 से 03 डिग्री से. तक की होगी बढ़ोतरी :** मौसम केंद्र रांची से मिली जानकारी के अनुसार 28 जनवरी के बाद से राज्य के ज्यादातर जिलों में न्यूनतम तापमान में 02 से 03 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होगी। वहीं अधिकतम तापमान भी बढ़ेगा। इससे ठंड से राहत मिलेगी।



**अगले सात दिनों तक शुष्क रहेगा झारखंड का मौसम :** मौसम केंद्र रांची के अनुसार अगले सात दिनों तक रांची सहित राज्यभर का मौसम शुष्क रहेगा। आसमान में कहीं बादल बनने की कोई खास संभावना इस दौरान नहीं है। वहीं कहीं भी घना कोहरा नहीं बनेगा। कुछ जिलों में जलाशयों, जंगलों और मैदानी इलाकों में कम घनत्व वाला कोहरा बन सकता है। मौसम केंद्र रांची के अनुसार पश्चिम दिशा से आने वाली ठंडी हवाओं के प्रभाव से राज्य के उत्तर पश्चिमी जिलों जैसे पलामू, चतरा, कोडरमा, बोकारो, गढ़वा और आसपास के जिलों में शीतलहर यानी कोल्ड वेव जैसी स्थिति आज भी रहेगी। ऐसे में मौसम केंद्र ने इन जिलों के लोगों को ठंड और शीतलहर से बचने के लिए विशेष रूप से अलर्ट किया है।

## राष्ट्रीय पर्व लोकतांत्रिक मूल्यों और संविधान के प्रति दायित्व की दिलाता है याद: बाबूलाल मरांडी

**भाजपा कार्यालय में झंडोत्तोलन**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रदेश भारतीय जनता पार्टी ने 75वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास मनाया। प्रदेश के सभी संगठनात्मक जिलों के पार्टी कार्यालयों में तिरंगा फहराया गया। बीजेपी प्रदेश कार्यालय में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने झंडोत्तोलन के बाद आह्वान किया कि लोकतंत्र और देश के संविधान की गरिमा में वृद्धि के लिए सभी अपनी-अपनी जिम्मेदारियां निभाने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रीय पर्व हमें लोकतांत्रिक मूल्यों और देश के संविधान के प्रति अपने दायित्वों, कर्तव्यों और जिम्मेदारियों की याद दिलाता है। श्री मरांडी ने कहा कि झारखंड की धरती से बिरसा मुंडा, सिद्धो कान्हू, जतरा टाना भगत, वीर बुधु भगत, नीलाम्बर पीताम्बर, शेख भिखारी, तेलंगा खड़िया, सहित कई असंख्य वीरो ने स्वतंत्रता के लिए अपना योगदान दिया है। इस अवसर पर प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय, आदित्य साहू, प्रतुल शाहदेव, डॉ सूर्यमणि सिंह, कालीचरण सिंह, आरती कुजूर समेत कई भाजपा नेता थे।



## संविधान व इसकी प्रस्तावना को बचाये रखना कांग्रेस जनों की जिम्मेवारी : अमानत अली

**कांग्रेस कार्यालय में झंडोत्तोलन**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** गणतंत्र दिवस पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में कांग्रेस के वयोवृद्ध 102 वर्षीय नेता अमानत अली ने झंडोत्तोलन किया। नेली नाथन ने मुख्य अतिथि को गॉर्ड ऑफ ऑनर दिया उसके बाद झंडोत्तोलन किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस वयोवृद्ध नेता अमानत अली ने 75वें गणतंत्र दिवसर पर बधाई देते हुए कहा कि भारत का लोकतंत्र पूरे विश्व के सामने उदाहरण के रूप में पेश किया जाता है। भारत का इतिहास स्वर्णाक्षरों में लिखा गया है, जिसमें त्याग, संघर्ष, बलिदान सहित हर वह भावना समाहित है। उन्होंने कहा कि संविधान और इसकी प्रस्तावना को बचाये रखना कांग्रेसजनों की जिम्मेवारी बनती है। अमानत अली ने कहा कि जो देश से प्रेम करेगा वो कांग्रेस पार्टी से प्रेम करेगा और जो कांग्रेस से प्रेम करेगा वो देश से प्रेम करेगा। झंडोतालन कार्यक्रम में अमुल्य नीरज, मदन मोहन शर्मा, संजय लाल पासवान, राजीव रंजन प्रसाद, जयशंकर पाठक,सतीश पॉल मुंजनी, सोनाल शांति, जगदीश साहु, रमा खलखो, सूर्यकांत शुक्ला, अमरेन्द्र सिंह, बेलस तिर्की, डॉ राकेश किरण महतो, डॉ जेपी गुप्ता, कामेश्वर गिरी, सुरेन राम, सुनील सिंह, केदार पासवान, छोटू सिंह, नरेन्द्र लाल गोपी, जगरनाथ साहू, वशिष्ट लाल पासवान, राजू राम, राजन वर्मा, योगेन्द्र सिंह बेनी, रीता चौधरी, नीलम सहाय आदि कांग्रेस नेता थे।



# सीसीएल अपने उत्पादन लक्ष्य 84 मिलियन टन को पूरा करने की ओर अग्रसर: डॉ बी वीरा रेड्डी

**सीसीएल में मना 75वां गणतंत्र दिवस समारोह**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** 75वें गणतंत्र दिवस समारोह को संबोधित करते हुए सीसीएल सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी ने कहा कि सीसीएल एक कोयला उत्पादक कंपनी के रूप में देश की ऊर्जा आवश्यक्ता की पूर्ति में सफलतापूर्वक योगदान दे रहा है। सीसीएल अपने उत्पादन लक्ष्य 84 मिलियन टन की ओर तेजी से बढ़ते हुए14 प्रतिशत वृद्धि के साथ अब तक लगभग 63 मिलियन टन कोयले का उत्पादन कर लिया है। वहीं 11 प्रतिशत वृद्धि के साथ अब तक 66 मिलियन टन कोयले का प्रेषण कर चुका है। इस मौके परी निदेशक राम बाबू प्रसाद, हर्ष नाथ मिश्र,बी. साईराम, सीवीओ, पंकज कुमार, डीआईजी सीआईएसएफ डीपी परिहार, विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, अधिकारी, यूनियन के प्रतिनिधिगण एवं सीसीएल कर्मी सपरिवार तथा आम लोग उपस्थित थे।



डॉ रेड्डी ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 तक कई बड़ी खनन परियोजनाओं जैसे चन्द्रगुप्त ओसीपी, संघमित्रा ओसीपी, रोहणी आदि परियोजनाओं की शुरूआत एवं विस्तार किया जायेगा। उन्होंने आगे कहा कि वित्त वर्ष 2027-28 तक भूमिगत खदानों से सीसीएल का कोयला उत्पादन 7.5 मिलियन टन हो जायेगा। बताया कि सीसीएल द्वारा पर्यावरण संरक्षण में वर्ष 2023 में 231 हेक्टयर से अधिक क्षेत्र में पौधारोपण किया गया है। उन्होंने कहा कि 11 फरवरी 2024 को सीसीएल द्वारा द्वितीय कोल इंडिया मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने सभी को इस मैराथन में अधिक से अधिक संख्या भाग लेने के लिए आमंत्रित किया।

## सीएमपीडीआई में सीएमडी ने कंपनी की उपलब्धियां बतायी

**रांची।** गणतंत्र दिवस पर झंडोतोलन के बाद सीएमपीडीआई के सीएमडी मनोज कुमार ने कहा कि सीएमपीडीआई ने वित्त वर्ष 2023-24 में 7.5 लाख मीटर ड्रिलिंग के मुकाबले दिसम्बर 2023 तक 5.57 लाख मीटर ड्रिलिंग की है। जिसमें से 2.48 लाख मीटर विभागीय संसाधन के जरिए हुई है। साथ ही 190 लाइन किलोमीटर 2डी/3डी सिस्मिक सर्वे के विभागीय लक्ष्य के मुकाबले दिसंबर 2023 तक 60.45 लाइन किलो मीटर सिस्मिक सर्वे किया जा चुका है। इस मौके पर निदेशक शंकर नागाचारी, सतीश झा, मुख्य सतर्कता अधिकारी सुमीत कुमार सिन्हा, वरीय सलाहकार (माइनिंग) एके राणा, कस्तूरी महिला सभा की अध्यक्षा रूपाली गुप्ता, किरण झा, जेसीसी सदस्य एवं श्रमिक प्रतिनिधि उपस्थित थे।

श्री कुमार ने कहा कि कोयला एवं गैर-कोयला क्षेत्र में एनएमईटी के माध्यम से गवेषण का प्रयास किया जा रहा है। अभी तक कुल 41 प्रस्ताव दिए गए हैं जिसमें गैर कोयला ब्लाक्स के 4 प्रस्ताव सहित कुल 27 प्रस्ताव स्वीकृत किए गए हैं। वहीं गैर कोयला क्षेत्र में गवेषण के तहत सीएमपीडीआई ने 1 बाक्साइट ब्लॉक की भू-वैज्ञानिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है एवं कापर, लेड और जिंक जैसे बेस मेटल में एक प्रोजेक्ट में गवेषण शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि दिसम्बर,2023 तक कुल 242 रिपोर्ट तैयार कर लिया गया है जिसमें 22 जियोलाजिकल रिपोर्ट्स (जीआर) और 24 प्रोजेक्ट रिपोर्ट्स (पीआर) शामिल हैं। 22 जीआर के जरिए लगभग 449 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र को शामिल कर विस्तृत गवेषण के माध्यम से 8 बिलियन टन अतिरिक्त कोल रिजर्वस को प्रमाणित श्रेणी में लाया गया है।

सुप्रभात
रांची, रविवार
28.01.2024
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ
khabarmantra.net माघ, कृष्ण पक्ष, तृतीया संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 | वर्ष : 11 | अंक : 195



फिल्म कंगुवा से बॉबी देओल का लुक रिलीज

# बिहार में आज का दिन अहम
## शाह व नड्डा आयेंगे,आज भाजपा विधायक दल की बैठक, नीतीश के घर भी जदयू की मीटिंग

**एजेंसी**

**पटना, नयी दिल्ली।** बिहार की राजनीति के लिए रविवार का दिन अहम होने वाला है। भाजपा ने रविवार को फिर से विधायक दल की बैठक बुलायी है। रविवार को ही नीतीश के घर जदयू के विधायकों की भी मीटिंग है। जानकारी के अनुसार केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा रविवार को पटना आ सकते है। भाजपा के दोनों वरिष्ठ नेता रविवार को होने वाली भाजपा विधायक दल की बैठक में शामिल हो सकते है। सूत्रों के मुताबिक करीब 12 बजे मुख्यमंत्री आवास पर जदयू और भाजपा की संयुक्त विधायक दल की बैठक होगी।

इसके बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राजभवन जाकर इस्तीफा सौंपेंगे और नयी सरकार बनाने के लिए दावा पेश करेंगे। सीएम पद से इस्तीफा दे कर नीतीश कुमार राजभवन जाकर भाजा के समर्थन में एनडीए की सरकार के गठन का प्रस्ताव सौंपेंगे।





बताया जा रहा है कि रविवार को ही नयी सरकार का शपथ ग्रहण हो सकता है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही एनडीए की सरकार के मुखिया होंगे। भाजपा से दो डिप्टी सीएम बनायेजाने की चर्चा है। उधर राजद विधायकों ने बैठक कर सभी फैसले लेने की जिम्मेदारी राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद को सौंप दी है।

**सभी को पटना में ही रहने का निर्देश :** इससे पहले पटना स्थित भाजपा दफ्तर में शनिवार शाम को भी पार्टी के विधायकों, सांसदों और एमएलसी की बैठक हुई। यह मीटिंग करीब तीन घंटे तक चली। पार्टी ने अपने सभी नेताओं और जनप्रतिनिधियों को पटना में ही रहने को कहा है। भाजपा ने अपने सभी विधायकों से हस्ताक्षर ले लिए हैं। राज्य में महागठबंधन की सरकार टूटेगी और रविवार को नयी सरकार के गठन की घोषणा हो जाएगी। भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूडी ने शनिवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि आज की बैठक हुई, उसमें कई मुद्दों पर चर्चा हुई है। रविवार फिर से विधायकों और सांसदों को भाजपा दफ्तर में है।

**मांझी ने दिया एनडीए को समर्थन :** दूसरी ओर, जीतनराम मांझी की पार्टी हिंदुस्तान आवाम मोर्चा ने एनडीए की नयी सरकार को अपना समर्थन दे दिया है। मांझी ने शनिवार शाम में अपने चारों विधायकों के साथ पटना में बैठक की। इसमें विधायकों के हस्ताक्षर लेकर नीतीश के नेतृत्व में नयी एनडीए सरकार को अपना समर्थन पत्र भाजपा को सौंप दिया। पार्टी को उम्मीद है कि नई सरकार में उनकी भी भागीदारी होगी।

(शेष पेज 11 पर)

### आसानी से शपथ नहीं लेने देंगे : तेजस्वी

इससे पहले राजद ने चुनौती देते हुए कहा कि वह नीतीश कुमार को आसानी से शपथ नहीं लेने देंगे। राजद के वरिष्ठ नेता और उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव ने शनिवार को यहां पत्रकारों से बातचीत में दावा किया कि उनके पास पर्याप्त संख्या बल है और सबसे बड़ी पार्टी होने के नाते उन्हें सरकार बनाने का मौका मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर मौका नहीं दिया गया तो राजद राजभवन के समक्ष धरना देगा। राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने भी बहुमत का आंकड़ा उनके साथ होने का दावा करते हुए कहा कि नीतीश कुमार के इस्तीफा देने के बाद वह अपने पत्ते खोलेंगे। राजद ने अपनी भविष्य की रणनीति तय करने के लिए शनिवार को पटना में महत्वपूर्ण बैठक की।

### नयी सरकार का फॉर्मूला सेट डिप्टी सीएम की रेस में तीन नाम

बिहार में उठे सियासी बवंडर का रविवार को पटाक्षेप होने की पूरी संभावना है। भाजपा ने नीतीश कुमार के नेतृत्व में नयी सरकार के गठन का फॉर्मूला सेट कर दिया है। डिप्टी सीएम की रेस में तीन नाम चल रहे हैं। शनिवार को सभी विधायकों से हस्ताक्षर ले लिये ताकि उसे राजभवन में पेश किया जा सके। सरकार में दो उपमुख्यमंत्री बनाने की योजना बनायी है। हालांकि डिप्टी सीएम की रेस में तीन नाम चल रहे हैं। इनमें सुशील कुमार मोदी, तारकिशोर प्रसाद और रेणु देवी का नाम सामने आया है। ये तीनों पहले भी डिप्टी सीएम रह चुके हैं। अंतिम निर्णय आलाकमान के स्तर पर ही होगा। पार्टी आलाकमान के निर्देश पर शनिवार को बिहार पहुंचे भाजपा प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े ने शहर के एक होटल में पार्टी के शीर्ष नेताओं के साथ संक्षिप्त कोर कमिटी की बैठक की। उन्होंने गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा, विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष हरि सहनी, पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद सहित अन्य नेताओं के साथ लगभग घंटे भर के विचार-विमर्श किया। इसके बाद शाम बिहार भाजपा की विस्तारित बैठक सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में हुई। इसमें केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय, अश्विनी कुमार चौबे के अलावा पार्टी के सभी सांसद, विधायक, विधान पार्षद, मंच-मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश पदाधिकारी शामिल हुए। पार्टी नेताओं ने साफ कहा कि जो भी निर्णय होगा, वह पार्टीजनों को बता दिया जायेगा। रविवार को सुबह 10 बजे पार्टी की फिर से बैठक होगी।

## न्यूज डायरी

### मुख्यमंत्री 31 जनवरी को जायेंगे गिरिडीह

**रांची।** अबुआ आवास योजना का लाभ जल्द से जल्द लोगों को मिले इसे लेकर सरकार गंभीर दिख रही है, जहां लाभुकों की सूची तैयार कर ली गयी है। वहीं अब स्वीकृति पत्र वितरण का कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। अबुआ आवास योजना का शुभारंभ एवं स्वीकृति पत्र वितरण करने को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 31 जनवरी को गिरिडीह जायेंगे। इस कार्यक्रम को देखते हुए प्रशासन भी अलर्ट मोड में है। इस संबंध में गिरिडीह डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने कहा कि सीएम के कार्यक्रम के मद्देनजर सभी व्यवस्थाओं को समय पर पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे।

### विनोद बने बिहार भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी

**पटना।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर 23 राज्यों में नये प्रदेश चुनाव प्रभारी और सह चुनाव प्रभारी की नियुक्ति की है. पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह ने शनिवार को इस संगठनात्मक नियुक्ति से संबंधित पत्र जारी किया।

### दुष्कर्म के आरोपी की पिटाई मौत के बाद 17 गिरफ्तार

**रांची।** अनगड़ा में ग्रामीणों ने दुष्कर्म के आरोपी की पिटाई कर उसके पूरे शरीर पर जहरीला तेल मल दिया। एक सप्ताह बाद आरोपी की मौत हो गयी। अब मामले में पुलिस ने 17 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

### इजहार की रिमांड पूरी, कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में भेजा

**रांची।** ईडी ने हजारीबाग के कोयला कारोबारी इजहार अंसारी की रिमांड अवधि समाप्त होने पर शनिवार को कोर्ट में पेश किया। ईडी के विशेष न्यायाधीश ने उसे न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार (जेल) भेज दिया। इससे पूर्व ईडी ने 23 जनवरी को इजहार को चार दिन और 17 जनवरी को छह दिन के रिमांड पर लिया था।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 58,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 75,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख





# भारत-फ्रांस कई मुद्दों पर साझेदारी को सहमत

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों शुक्रवार शाम को दरगाह निजामुद्दीन औलिया भी गये। इससे पहले मैक्रों ने दिल्ली के कर्तव्य पथ पर हुए 75वें गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लिया। इसके बाद भारत और फ्रांस की ओर से संयुक्त वक्तव्य जारी किया। मोदी और राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी, अर्थव्यवस्थाओं में समृद्धि के लिए लचीलापन, उनके देशों की सुरक्षा को आगे बढ़ाने में एक दूसरे के मदद करने के दृष्टिकोण की पुष्टि की है। दोनों नेताओं ने इस बात पर सहमति जतायी कि दोनों देश मिलकर धरती के लिए अधिक टिकाऊ और स्वस्थ भविष्य बना सकते हैं। गणतंत्र दिवस समारोह के लिए फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन की देश की राजकीय यात्रा के बाद भारत-फ्रांस संयुक्त वक्तव्य के अनुसार, भारत-फ्रांस साझेदारी वैश्विक चुनौतियों का समाधान खोजने, बहुपक्षवाद को फिर से मजबूत करने और एक स्थिर अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था और अधिक एकजुट और एकजुट दुनिया बनाने में मदद कर सकती है। पीएम मोदी और राष्ट्रपति मैक्रॉन ने क्षितिज 2047 और जुलाई 2023 शिखर सम्मेलन के अन्य दस्तावेजों में उल्लिखित द्विपक्षीय सहयोग और अंतर्राष्ट्रीय साझेदारी के लिए अपने साझा दृष्टिकोण की पुष्टि की है।



(शेष पेज 11 पर)

### ईडी के 10वें समन के विरोध में सड़क पर उतरा झामुमो



**रांची।** इडी के दसवें समन के बाद एक तरफ जहां झामुमो कार्यकर्ता सड़क पर उतर कर विरोध प्रदर्शन कर रहें हैं। वहीं कांग्रेस और राजद इसमें कहीं दिख नहीं रहे हैं। समन के विरोध में झामुमो ने शनिवार को उपराजधानी दुमका में बंद बुलाया था। सुबह होते ही झामुमो कार्यकर्ता सड़क पर उतर आए और दुकानों को बंद करवाया। झामुमो ने कहा कि सीएम को परेशान करना बंद नहीं हुआ तो पूरे राज्य में चक्का जाम कर दिया जायेगा।

## इडी ने सीएम को भेजा 10वां समन, कहा
# पूछताछ जरूरी, या तो आप आइये या हम आयेंगे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जमीन घोटाले के मामले में सीएम हेमंत सोरेन को ईडी ने एक बार फिर 10वां समन भेजा है। इडी ने उन्हें 29 से 31 जनवरी तक का समय दिया है। साथ ही कहा है कि यह पूछताछ अनिवार्य है। इडी ने पहले की तरह ही पत्र में लिखा है कि पूछताछ के लिए या तो आप आइये या हम आयेंगे। एजेंसी ने 22 जनवरी को मुख्यमंत्री को समन भेजकर 25 जनवरी तक यह बताने को कहा था कि वह 27-31 जनवरी के बीच पूछताछ का कोई वक्त मुकर्रर कर एजेंसी को बतायें। ऐसे में ईडी ने एक बार फिर पत्र भेज कर मुख्यमंत्री से समय और स्थान तय करने की बात कही है। पत्र के जवाब में हेमंत सोरेन ने 25 जनवरी को एक पत्र ईडी के अनुसंधान पदाधिकारी को भेजा था। मुख्यमंत्री ने कहा था कि उन्हें ईडी का नौवां समन मिला है लेकिन वह पूछताछ की तारीख या वक्त बाद में बतायेंगे। ईडी को उन्होंने यह नहीं बताया था कि एजेंसी उसने 27 से 31 जनवरी के बीच पूछताछ कर सकती है या नहीं। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व 20 जनवरी को सीएम खुद ईडी ऑफिस नहीं गये बल्कि उन्होंने ईडी के अधिकारियों को मुख्यमंत्री आवास बुलाया था। मुख्यमंत्री से ईडी की टीम लगभग सात घंटे से अधिक लंबी पूछताछ के बाद रात करीब आठ बजे बाहर निकली थी। रांची की जिस जमीन को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ईडी के दायरे में आये हैं, दरअसल, वह जमीन रांची के बरियातू इलाके में है। जमीन कुल 12 प्लाट में है और उसका कुल रकबा 8.46 एकड़ है। ईडी की जांच रिपोर्ट में यह बात निकल कर आई है कि पूरे जमीन की घेराबंदी की गई है। साथ ही उसमें आउट हाउस और एक गार्ड रूम भी बना हुआ है। तफ्तीश में जानकारी मिली है कि जमीन में कुछ हिस्सों के नेचर गैरमजरूआ भूईंहरी जमीन का है जबकि कुछ बकास्त भूईंहरी जमीन है।





### बंगाल में राहुल की रैली को नहीं मिली इजाजत

**कोलकाता।** गठबंधन के नाम पर कुछ दिन पहले साथ नजर आने वाली कांग्रेस और टीएमसी के बीच अब तल्खी बढ़ती ही जा रही है। पश्चिम बंगाल प्रशासन ने राहुल गांधी क जनसभा को इजाजत देने से इनकार कर दिया है। रविवार को राहुल गांधी की अगुआई में चल रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा के अंतरगत सिलिगुड़ी में एक जनसभा होनी थी। हालांकि पुलिस से परमिशन ना मिलने की वजह से इसे कैंसल कर दिया गया। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि अगली मीटिंग अलीपुरद्वार के फालाकाटा में होनी है लेकिन इसको लेकर भी निश्चित तौर पर कुछ नहीं कहा जा सकता। इस जनसभा पर भी परमिशन ना मिलने का खतरा मंडरा रहा है। अब 28 जनवरी को यात्रा दोबारा शुरू हो रही है।

# लक्ष्मीकांत वाजपेयी झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी बने
## दीपक प्रकाश बिहार और आशा लकड़ा को बंगाल का भार



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर भाजपा ने चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए चुनाव के पहले भाजपा ने झारखंड में संगठनात्मक नियुक्तियां शुरू कर दी है। भाजपा ने चुनाव प्रभारियों की सूची जारी कर दी है। इसी क्रम में लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने झारखंड में चुनाव प्रभारी के रूप में लक्ष्मीकांत बाजपेयी को चुना है। वहीं, बिहार में चल रही राजनीतिक उथल पुथल के बीच भाजपा ने बिनोद तावड़े को चुनाव प्रभारी और दीपक प्रकाश को सह प्रभारी बनाया है। रांची की पूर्व मेयर आशा लकड़ा पश्चिम बंगाल की सह प्रभारी बनायी गयी है। वह पहले से पश्चिम बंगाल की प्रदेश भाजपा सह प्रभारी भी हैं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के निर्देश पर राष्ट्रीय महासिच अरुण सिंह ने सूची जारी की है। वर्तमान में लक्ष्मीकांत वाजपेयी ही झारखंड भाजपा के प्रभारी है। एक तरह से उनको दोहरी जिम्मेदारी दी गयी है। इससे पहले 2019 के लोकसभा चुनाव में बिहार के भाजपा नेता मंगल पांडे को झारखंड लोकसभा चुनाव का प्रभारी बनाया गया था। मेरठ निवासी श्री बाजपेयी अभी राज्यसभा के सांसद है। श्री बाजपेयी के उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष रहते हुए ही भाजपा ने 2014 लोकसभा चुनाव में 73 सीटें जीती थीं। उन्होंने मुलायम सिंह यादव परिवार की बहू अपर्णा यादव, साढू प्रमोद गुप्ता, रायबरेली की कांग्रेस विधायक अदिति सिंह समेत सपा के कई नेताओं को पार्टी में शामिल कराया था।





# आज पूरी दनिया की नजर झारखंड पर : राज्यपाल
## सीएम हेमंत बोले गांव मजबूत होगा, तभी राज्य सशक्त हो सकता है

### झारखंड से दिल्ली तक रही गणतंत्र दिवस की धूम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। 75वें गणतन्त्र दिवस के मौके पर राजधानी रांची के एतिहासिक मोरहाबादी मैदान में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने झंडोत्तोलन किया। वहीं उपराजधानी दुमका के पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में सीएम हेमंत सोरेन ने तिरंगा झंडा फहराया और परेड को सलामी दी। झंडोत्तोलन दौरान उपस्थित भीड़ में गजब का उत्साह देखा गया। अपने अभिभाषण में कहा कि झारखण्ड तभी सशक्त होगा जब यहां के गांव मजबूत होंगे। उन्होंने कहा कि सरकार ने गांवों को मजबूत करने की दिशा में पहल करते हुए बिरसा हरित योजना, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, बिरसा सिंचाई योजना, दीदी बाड़ी योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना जैसे लोक कल्याणकारी योजनाएं चलायी जा रही हैं। सीएम ने कहा कि योजनाओं का लाभ देने के लिए सरकार ही अब आपके द्वार तक जा रही है। मुझे भी सभी जिला मुख्यालयों में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुआ और दूर-दराज इलाके में रहने वाले गरीबों की समस्याओं से रूबरू होने का अवसर प्राप्त हुआ।



(शेष पेज 11 पर)

### झांकी, परेड एवं बैंड को मिला पुरस्कार

समारोह में आयोजित झांकियों में झारखड राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड की झांकी को प्रथम पुरस्कार दिया गया। वहीं, मंत्रिमण्डल सचिवालय एवं निगरानी विभाग को द्वितीय और स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग की झांकी को संयुक्त रूप से तृतीय पुरस्कार दिया गया। परेड में सेना को प्रथम पुरस्कारस जैप-1 को द्वतीय और सीआरपीएफ के परेड को तृतीय पुरस्कार दिया गया। बैण्ड में जैप-1 को प्रथम पुरस्कार दिया गया। वहीं, सेना को द्वितीय और जैप-10 को बैंड में तृतीय पुरस्कार दिया गया।

## गुरु नानक स्कूल में आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी



रांची। गुरु नानक स्कूल में शनिवार को आर्ट एंड क्राफ्ट एग्जिबिशन का आयोजन किया गया। मौके पर शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर अभिभावकों को आने वाली वार्षिक परीक्षा के संदर्भ में चर्चा की गई। बच्चों के द्वारा हस्त शिल्प, मॉडल, पेंटिंग आदि का निर्माण किया गया था। नन्हें कलाकारों की सृजनात्मक क्षमता एवं कला कौशल तथा तार्किक क्षमता की प्राचार्य कैप्टन डॉक्टर सुमित कौर, उपप्रधान अध्यापिका सोनिया कौर, मुख्य प्रधान शिक्षिका हरप्रीत कौर ने भूरि भूरि प्रशंसा की।

## पासवा कार्यालय में झंडोत्तोलन



रांची। झारखंड प्रदेश पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने हरमू चौक स्थित पासवा प्रदेश कार्यालय में झंडोत्तोलन किया। देशवासियों, राज्यवासियों सहित झारखंड के निजी विद्यालयों के संचालक, शिक्षकों, छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को विशेष रूप से 75 वें गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। पासवा अध्यक्ष ने कहा देश के संविधान और लोकतंत्र को अक्षुन्न बनाए रखने की जिम्मेदारी सबसे ज्यादा शिक्षा जगत की है। शिक्षा क्षेत्र से जुड़े हुए सभी वर्गों को एक सजग प्रहरी की भूमिका में जिम्मेदारी का निर्वहन करने की आज जरूरत है।

## राष्ट्रीय सैनिक संस्था का इंद्रपुरी में झंडोत्तोलन

रांची। गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सैनिक संस्था द्वारा इन्द्रपुरी रोड न 6 रातू रोड में पूर्व सैनिक दिनेश्वर पाठक ने झंडोत्तोलन किया। इस अवसर पर एक्स एयरफोर्स के राकेश तिवारी, राष्ट्रीय सैनिक संस्था के युवा कमांड अध्यक्ष झारखंड प्रदेश के मनोज कुमार पुटू, आयुष कुमार अग्रवाल, ऋषभ कुमार, मुन्ना कुमार, आयुष कुमार, अभिषेक कुमार, नीतीश कुमार, कृष कुमार, सौरभ कुमार उपाध्याय, जय कृष्णा, अमित पाठक, अंकित कुमार, सत्यम कुमार, महिला विंग की प्रेरणा कुमारी, अनुषा कुमारी, स्वेता कुमारी, सिंपी कुमारी, सिमरन कुमारी, पूनम मिश्र एवं अन्य लोग शामिल थे।

## रातू रोड के आर्यपुरी में झंडोत्तोलन समारोह

रांची। रांची नगर निगम की पूर्व वार्ड पार्षद और भाजपा नेत्री सुनीता देवी ने गणतंत्र दिवस के मौके पर रातू रोड के आर्यपुरी में झंडोत्तोलन किया। इस मौके पर आयोजित समारोह में सभी ने जरूरतमंद लोगों की सेवा का संकल्प दुहराया। कार्यक्रम में सुनीता श्रीवास्तव, जितेन्द्र कुमार, धर्मेंद्र कुमार, मंजू देवी, ऋषिका कुमारी, प्रत्यूष कुमार, आदित्य, अदीति कुमारी, लाडो कुमारी, ऋत्विक, समेत अन्य मौजूद थे।

# बूथ चलो अभियान के जरिये उपलब्धियों को घर घर पहुंचाएं : मनीष जायसवाल

खबर मन्त्र ब्यूरो





रांची। भारतीय जनता पार्टी रांची महानगर जिला द्वारा बूथ चलो अभियान को लेकर भाजपा रांची महानगर अध्यक्ष के के गुप्ता की अध्यक्षता में रातु रोड स्थित भाजपा रांची महानगर जिला कार्यालय में कार्यशाला आयोजित की गयी। इस कार्यशाला में प्रदेश की ओर से नियुक्त बैठक प्रभारी के रूप में हजारीबाग के लोकप्रिय विधायक सह भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश सह कोषाध्यक्ष मनीष जयसवाल ने उक्त बातें कहीं। उन्होंने कहा कि मोदी जी नेतृत्व में सिर्फ 9.5 वर्षों के शासन में सैकड़ों योजनाओं को लागू किया गया। विधायक सी पी सिंह ने कहा कि मोदी जी लगातार योजना पर योजना लागू कर गरीब को अमीर बनाने में दिन रात एक किए हुए हैं, क्या हम कार्यकर्ता उन योजनाओं को जरूरतमंदों तक भी नहीं पहुंचा सकते। भाजपा महानगर अध्यक्ष के के गुप्ता ने कहा कि बूथ चलो अभियान में महानगर में निवास करने वाले कोई भी एक कार्यकर्ता किसी दूसरे बूथ का प्रवासी कार्यकर्ता बनना नहीं छूटे यह हम कार्यकर्ताओं को ध्यान देना है। उन्होंने कहा कि 4 फरवरी से 10 फरवरी तक हमें 24 घंटा प्रवासी कार्यकर्ता बन अपने आवंटित बूथ में 18 प्रकार के कार्य को संपादित करने की जिम्मेवारी लेनी है।

बैठक में भाजपा महानगर महामंत्री वरुण साहु, बलराम सिंह, जितेन्द्र वर्मा, गुड्डू सिंह, राजु सिंह, जितेन्द्र सिंह पटेल, निरज सिंह, बूथ चलो अभियान के सह संयोजक सुजाता सिंह, अरबिंद सिंह पिंटू, रोमित सिंह, प्रमोद शाह देव, अरबिंद सिंह पिंटू, सोनू सिंह, ओमप्रकाश पाण्डेय, सुवेश पाण्डे, विनोद महतो, उमेश यादव, विकाश दास, सुजीत शर्मा, निलेश सिंह, सूर्यप्रताप, रामजी प्रसाद, मुनेश्वर साहु, संजू देवी, दीपक साह आदि उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष ने फहराया तिरंगा

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। 75वें गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के झारखंड प्रदेश कार्यालय में मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश गुप्ता द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया जिसे उपस्थित सभी गणमान्य लोगों ने सलामी दी। मौके पर राजेश गुप्ता ने कहा कि हमलोग न सिर्फ देश की आजादी का अमृत काल मना रहे हैं, बल्कि अपने संविधान में निहित आदर्शों और मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता सुनिश्चित करने का संकल्प लेते हुए जिस संविधान को स्वीकार किया था आज उसका भी अमृत काल मना रहे हैं। आज हमें गर्व है कि तमाम विपरीत परिस्थितियों के वावजूद हमारा देश, दुनिया का सबसे बड़ा गणतांत्रिक देश होने का गौरव रखता है। राजेश गुप्ता ने इस अवसर पर उन वीर बलिदानियों को भी याद किया जिनके बलिदान की बदौलत हमारी स्वतंत्रता और हमारे देश का गणतंत्र कायम है। 75वें गणतंत्र दिवस के इस समारोह में प्रदेश अध्यक्ष के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष सूबेदार एसएन सिंह कुशवाहा, दिलीप जी शंकर खलखो, उपेंद्र गुप्ता, नागेंद्र गुप्ता अभिजीत सोनी, नीतीश चंद्रवंशी, कुमार ऋषभ, राजन सहित कई लोग उपस्थित थे।

## विद्यापति स्मारक समिति ने 75वें गणतंत्र दिवस पर किया झंडोत्तोलन

रांची। 75वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर विद्यापति स्मारक समिति ने झंडोत्तोलन कर झंडे को सलामी दी एवं समिति के सदस्यों ने देश की एकता और अखंडता बरकरार रखने का संकल्प दोहराया। समिति के अध्यक्ष लेखानंद झा ने बताया कि गणतंत्र दिवस पर देश के स्वतंत्रता सेनानियों को नमन कर श्रद्धा निवेदित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष लेखानंद झा, सतीश झा, संजीव कुमार ठाकुर, शंकर झा, दिलीप झा, पंडित निर्भय कांत झा, कुमकुम झा, सारदा देवी आदि उपस्थित थे।

## संत माइकल में निकाली गयी शानदार झाकियां

रांची। अरगोड़ा-कटहल मोड़ रोड स्थित संत माइकल पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस के अवसर पर विद्यालय के निदेशक रमाकांत प्रसाद एवं सुषमा सिन्हा ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत झांकियां निकाली गयी। पिरामिड, नाटक, ग्रुप डांस एवं संस्कृत में प्रस्तुत भाषण को अभिभावकों एवं आगंतुकों ने जमकर प्रशंसा की।

## उमवि हुंदुर में वार्षिक खेल महोत्सव आयोजित

रांची। नो हेल्प टू बिग संस्था की ओर से राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय हुन्दुर में वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन हुआ। खेल-कूद में विजेता छात्र-छात्राओं के बीच पुरस्कार वितरित किये गये प्रधानाध्यापक चितरंजन कुमार ने कहा कि नो हेल्प टू बिग की अध्यक्ष डॉ प्राची जैन एम्स नई दिल्ली में कार्यरत हैं और उनके मार्गदर्शन में संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर राकेश रंजन और अरुनिमा सिंह द्वारा किया जा रहा सेवा कार्य सराहनीय है।

## नेताजी एकेडमी में बीएचपी के प्रांत मंत्री ने किया झंडोत्तोलन

रांची। गणतंत्र दिवस पर विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री डॉ बिरेन्द्र साहु ने बड़ागाई चौक एवं नेताजी एकेडमी उच्च विद्यालय होचर कैंपस में राष्ट्रीय ध्वजारोहण किया। डॉ साहु ने कहा भारत एक लंबे कालखंड तक पराधीनता का दंस झेलता रहा, परंतु भारतीयों ने कभी भी पराधीनता को स्वीकार नहीं किया। स्वाधीनता प्राप्त करने के लिए पहले आक्रांताओं के विरुद्ध व बाद में अंग्रेजों के विरुद्ध निरंतर संघर्ष चलता रहा। अंततः भारत स्वाधीन हुआ, जिसको चलाने के लिए 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू करने के साथ देश के नागरिकों को उनके कर्तव्य एवं कार्य की सीमा को सीमांकन किया गया। स्वाधीन होने के बावजूद देश में देशवासियों के बीच देशभक्ति का भाव भरने में कहीं न कहीं नेतृत्वकताओं के द्वारा कम रही। आज भारतीय समाज के बीच पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ललाजी का भव्य मंदिर व प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपन्न होने से स्वाभिमान जगा है।


**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गढ़वा (जिला आपूर्ति शाखा)**

**सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपायुक्त –सह–जिला दण्डाधिकारी, गढ़वा द्वारा राज्यसात वाद संख्या– 31/2023–24 राज्य बनाम दिनेश प्रसाद गुप्ता में पारित अंतरिम आदेश के आलोक में आवश्यक वस्तु अधिनियम–1955 की धारा–07 के तहत जब्त 277 बैग चावल एवं 55 बैग गेहूं का Auction Sale (नीलामी बिक्री) द्वारा किया जाना है। उक्त सामग्री के क्रय हेतु इच्छुक क्रेता दिनांक 02.02.2024 (शुक्रवार) के अपराह्न 01:30 बजे जिला आपूर्ति पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय प्रकोश्ठ में उपस्थित होकर निलामी बिक्री में भाग ले सकते हैं। ईच्छुक क्रेता को अपने साथ पहचान पत्र के रूप में आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं जी0एस0टी0 से संबंधित कागजात लाना अनिवार्य होगा।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी, गढ़वा।

PR.NO.317061 Food Public Distribution and Consumer Affairs(23-24):D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, रामगढ़**

रामगढ़ थाना के सामने, थाना चौक/गांधी चौक, रामगढ़ कैन्ट, जिला–रामगढ़, झारखण्ड– 829122, ई-मेल–eercdramgarh-jhr@nic.in

**" सूचना "**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पथ प्रमण्डल, रामगढ़ अन्तर्गत अति–अल्पकालीन निविदा अमंत्रण सूचना संख्या–06 वर्ष–2023–24 दिनांक–12.01.2024 का P.R No.-316066 Road (23-24)#D द्वारा आमंत्रित एवं सूचना P.R No.-316536 Road (23-24).D द्वारा संशोधित निविदा को पुनः निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है:–

| क्रमांक | विवरणी | पूर्व में संशोधित | संशोधन |
|---|---|---|---|
| 1. | बिक्री की तिथि | 29.01.2024 | 05.02.2024 |
| 2. | प्राप्ति की तिथि | 30.01.2024 | 06.02.2024 |

शेष यथावत रहेंगे।

कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, रामगढ़

PR 317090 Road(23-24)#D

**Before, The Notary Public, Ranchi**

**AFFIDAVIT**

I, Moni Singh W/o Deepak Kumar Singh resident of Ashok Path, Near Twin Tower, Argora Beside Maa Niwas, P.S.-Doranda, District-Ranchi, Jharkhand-834002 do hereby solemnly affirm and declare as follows:-
1. That in Birth Certificate of my daughter bearing Registration No. B-2017:20-90032-018087 Date of issue 03.11.2017 my daughter's name mentioned is as HARSHITA SINGH Date of Birth 15/06/2013.
2. That my daughter HARSHITA SINGH which is CORRECT.
3. That my correct daughter's name is HARSHITA SINGH.
4. That in Aadhar Card my daughter bearing Aadhar No.7618 4515 4618 name mentioned is as Sangya Singh, which is wrong.
5. That this affidavit is sworn for the purpose of correction my Daughter's name Harshita Singh in place of Sangya Singh in her aadhar card.
6. Tha tmy above statements are true add correct.

Sl. NO. 1625, Date : 28.01.24

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग**

**ई–अति अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सं0 :– 06/RE/2023-24/RWD/EE/HAZARIBAG दिनांक :– 27.01.2024

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

1.कार्य की विवरणी :–

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रुपया में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रुपया में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/HAZ/MM GSY/12/2023-24 | कटकमदाग | पंचायत–खपरियांवा में नरसिंह स्थान के मुख्य मार्ग से विकास नगर होते हुए रिंग रोड तक पथ निर्माण कार्य (लं0–1.00 कि0मी0) | 99,91,700/- | नीनयान्वे लाख एकान्वे हजार सात सौ मात्र | 9 (नौ) माह | द्वितीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 30.01.2024 ।
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 05.02.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक ।
4. निविदा खोलने की, तिथि, एवं समय–06.02.2024 अपराह्न 5.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग ।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06546–265286 ।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 317136 Rural Work Department(23-24).D

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची।**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना।**



नाम– शोभा उराँव उम्र–19 वर्ष, रंग–गोरा, ऊँचाई–4 फीट, पहनावा–सलवार सूट

उपरोक्त लापता लड़की शोभा उराँव उम्र 19 वर्ष पे0–महादेव उराँव सा0–झिंझरी गुटू टोली, थाना–माण्डर, जिला–राँची, घर से जो दिनांक–20.11.23 को समय करीब 10:30 बजे घर से बोलकर निकली की काम करने जा रहे है, जो अब तक घर लोट कर नहीं आयी है। जिसके संबंध में माण्डर थाना सनहा संख्या–22/23, दिनांक–14.12.23, दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता लड़की कहीं मिलती/दिखती है तो इसके संबंध में वरीय अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक खलारी राँची। –9431742777

थाना प्रभारी माण्डर, राँची। –9431706187

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची।

PR 317108 (Police) 23-24 (D)


## झालसा में जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद ने किया झंडोत्तोलन

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। गणतंत्र दिवस के मौके पर शुक्रवार को झारखंड लीगल सर्विसेस अथॉरिटी (झालसा) में कार्यपालक अध्यक्ष सह झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद ने झंडोतोलन किया। इस मौके पर हाईकोर्ट के जस्टिस राजेश शंकर, जस्टिस राजेश कुमार, जस्टिस रत्नाकर भेंगरा, जस्टिस गौतम कुमार चौधरी, जस्टिस दीपक रोशन, झालसा की सदस्य सचिव कुमारी रंजना अस्थाना, हाई कोर्ट के रजिस्टर रजिस्ट्रार जनरल आदि उपस्थित थे। झारखंड स्टेट बार काउंसिल में काउंसिल के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार कृष्ण ने झंडोतोलन किया। इस मौके पर काउंसिल के सदस्य हेमंत कुमार सिकरवार, एके रसीदी, हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन के सचिव नवीन कुमार के अलावा काउंसिल के सदस्य के साथ साथ धीरज कुमार समेत कई अन्य अधिवक्ता उपस्थित थे।

दूसरी और रांची सिविल कोर्ट परिसर में प्रधान न्यायायुक्त अरुण कुमार राय ने झंडोतोलन किया। मौके पर रांची सिविल कोर्ट के कई जज एवं अधिवक्ता उपस्थित थे, जबकि रांची जिला बार एसोसिएशन के नए भवन में एसोसिएशन के अध्यक्ष शंभू प्रसाद अग्रवाल ने झंडोतोलन किया। मौके पर एसोसिएशन के सचिव संजय कुमार विद्रोही सहित कई अधिवक्ता उपस्थित थे।

## डीएवी आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस की धूम

रांची। डीएवी आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस की 75वीं वर्षगांठ पर देशभक्ति कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई। मुख्य अतिथि मैनेजर डीएवी आनंद स्वामी स्कूल सह प्राचार्य डीएवी गांधीनगर, एस के सिन्हा द्वारा झंडोत्तोलन किया गया। विद्यार्थियों ने देशप्रेम की भावना को जागृत करते हुए भारत की सांस्कृतिक विरासत का अदभुत परिचय दिया। मुख्य अध्यापिका रोशी वाधवानी ने गणतंत्र की शुभकामनाएं देते हुए सभी को विद्यालय की उपलब्धियों से अवगत कराया। मुख्य अतिथि ने कहा कि हमें अपने गणतंत्र भारत के इतिहास को हमेशा स्मरण रखते हुए संविधान की गरिमा को अपने सत्कर्मो से अक्षुण्ण बनाये रखना होगा।

## एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय ने 75वां गणतंत्र दिवस मनाया

# देश के हर चौथा बल्ब जलाकर ऊर्जा सुरक्षा में बड़ा योगदान दे रहा एनटीपीसी : अनिमेष जैन

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय, रांची में 75वां गणतंत्र दिवस देशभक्तिपूर्ण उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनिमेष जैन ने राष्ट्रीय ध्वज झंडा फहराया। इस अवसर पर श्री जैन ने कहा कि एनटीपीसी 73874 मेगावाट की स्थापित क्षमता के साथ देश के हर चौथे बल्ब को जलाकर देश की ऊर्जा सुरक्षा में सबसे बड़ा योगदान कर्ता रहा है और इसका कोयला खनन व्यवसाय मुख्य व्यवसाय को समर्थन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि इस वित्तीय वर्ष में एनटीपीसी-एनएमएल ने 27.5 एमएमटी का रिकॉर्ड कोयला उत्पादन किया है, जो साल-दर-साल 65% की वृद्धि दर्ज किया और इस वित्तीय वर्ष में 77% के साथ 28.5 एमएमटी कोयला प्रेषण किया है।

श्री जैन ने कहा कि केरेन्डरी कोयला खनन परियोजना से कोयला उत्पादन 25 जनवरी 2024 को शुरू हुआ और इसके साथ, यह एनटीपीसी को ईंधन देने के लिए कोयला उत्पादन करने वाली एनटीपीसी की 5वीं कोयला खदान बन गई। उन्होंने कहा कि बादाम कोयला खनन परियोजना वित्तीय वर्ष 2023-24 में कोयला उत्पादन शुरू कर देगी। इस अवसर पर उन्होंने कर्मचारियों को उनकी प्रतिबद्धता और समर्पण के लिए बधाई दी, जिसके परिणामस्वरूप रिकॉर्ड कोयला उत्पादन हुआ और इसकी खदानों से एनटीपीसी बिजली स्टेशनों को भेजा गया। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी का लक्ष्य इस साल एनटीपीसी के 50 साल पूरे होने से पहले 50 एमएमटी हासिल करना है और एनटीपीसी की कोयला आवश्यकता का 30% कोयला आवश्यकता 2030 को पूरा करेगा, और 2037 तक एनटीपीसी की 50% कोयले की जरूरत पूरा करने का लक्ष्य है।

## एक नजर में

## मृणालिनी ने देश भक्ति गीतों की दी प्रस्तुति



रांची। झारखंड विधानसभा में डॉक्टर मृणालिनी आखौरी और उनकी टीम ने देश भक्ति गीतों का कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मृणालिनी अखौरी के साथ अंबिका कुमारी, सुषमा कुमारी ,बसंत कुमार शर्मा, मनोज कुमार महतो, अक्षय कुमार, निरंजन मिश्रा और राहुल कुमार ने साथ दिया।

## पीएसएस ग्रुप ने 26 रन से जीता क्रिकेट मैच



रांची। गणतंत्र दिवस पर पीएसएस ग्रुप और उत्तरायण वास्तु विहार के बीच शुक्रवार को क्रिकेट मैच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में पीएसएस ग्रुप ने 26 रन से मैच जीता। टॉस जीतकर करपीएसएस ग्रुप ने पहले बैटिंग करके 18 ओवर में सात विकेट खोकर 136 रन बनाया। उत्तरायण वास्तु विहार ने 110 रन ही बना पाया। मैन ऑफ द मैच सुमित शर्मा को दिया गया। पीएसएस ग्रुप एवं उत्तरायण वास्तु विहार के तरफ से सुजीत कुमार, धर्मेंद्र सिंह, शंकर महतो, विकास, आशीष, किशोर, पंकज, ,अशोक, विकाश, जितेन्द्र, अतुल , संतोष, शिवम, संजय, संतोष, विकाश, सुबीर, अनमोल समेत कई लोग मौजूद थे।

## मेकॉन ने मनाया गणतंत्र दिवस समारोह



रांची। मेकॉन ने मेकॉन स्टेडियम, श्यामली, रांची में 75वां गणतंत्र दिवस उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया। मेकॉन के निदेशक (वाणिज्यिक) संजय कुमार वर्मा द्वारा तिरंगा फहराया। सुरक्षा कर्मचारियों और स्कूली बच्चों द्वारा राष्ट्रगान और मार्च पास्ट प्रस्तुत किया गया। मेकॉन मुख्यालय में निदेशक (वित्त) मुकेश कुमार ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में फहराया झंडा



रांची। सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में 75वां गणतंत्र दिवस समारोह बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। छात्रों ने स्वतंत्रता और एकता की भावना को व्यक्त करने वाले कार्यक्रमों को प्रस्तुत कर गौरव का अनुभव किया। इस अवसर पर स्कूल में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ. प्रदीप वर्मा और प्राचार्या परमजीत कौर ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। मौके पर सभी ने देश के सम्मान और गरिमा को बनाए रखने का संकल्प लिया।

## शारदा ग्लोबल स्कूल में मना गणतंत्र दिवस



रांची। शारदा ग्लोबल स्कूल में 75वां गणतन्त्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर शारदा ग्लोबल स्कूल में देशभक्ति गीत एवं नाटक की प्रस्तुति दी गयी। विद्यालय के चेयरमैन संजय शारदा और डायरेक्टर दीपक बंका ने झण्डोत्तलन किया। मौके पर अनुज रंजन, विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ. रंजना स्वरूप, प्राचार्या जसमीत कौर, शिक्षकगण एवं छात्रवृन्द उपस्थित थे। डायरेक्टर दीपक बंका ने कहा कि यह दिवस हमें एक सजग समाज बनाने, शिक्षा को घर-घर पहुँचाने, समाजवाद, सामाजिक समानता और समरसता की दिशा में एक साथ कदम से कदम मिलाकर चलना सीखाता है।

## जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में झंडोतोलन



रांची। जी डी गोयनका पब्लिक स्कूल रांची में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन मदन सिंह, वाइस चेयरमैन अमन सिंह, विशिष्ट अतिथि दिनेश रस्तोगी एवं रुथ रस्तोगी भी उपस्थित थे। मौके पर कक्षा चार से आठ तक के बच्चों ने हिंदी भाषण, समूह गान, समूह नित्य के साथ ड्रिल भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंत मे प्रधानाध्यापक डॉक्टर सुनील कुमार ने सबको गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

## कनक सेवा कल्याण एवं पैराडाइज संस्था ने गर्म कपड़े का वितरण किया

रांची। पैराडाइज संस्था तथा कनक सेवा कल्याण द्वारा समाज ने ज्ञानोदय विद्यालय के 210 बच्चों के बीच स्वेटर मफलर का वितरण किया गया। ज्ञानोदय उच्च विद्यालय प्रांगण में संस्था के प्रमुख एसएन राजगढ़िया की अध्यक्षता में गर्म कपड़े का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रवीण मुरारका, दीपक कुमार, आलोक पोद्दार, एनडी शर्मा, नीरज कुमार पांडे, दिनेश कुमार सिंह, दीपक जी, पंकज कुमार आदि मौजूद रहे।

## वनवासी कल्याण केंद्र में मना नारी शक्ति दिवस

रांची। वनवासी कल्याण केंद्र महिला समिति ने शनिवार को को नारी शक्ति दिवस मनाया। इस अवसर प्रांत कार्यकारिणी सदस्या प्रतिभा गोयल, राष्ट्र सेविका समिति की प्रांत प्रचार प्रमुख जिज्ञासा ओझा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह और राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री रमेश बाबू ने कहा कि भारत कि स्वतंत्रता के लिए रानी मां गाइदिनल्यू ने नागालैण्ड में क्रांतिकारी आंदोलन चलाया था। कार्यक्रम में संगीता दत्ता, पूनम गुप्ता, ममता सिन्हा, सीमा अग्रवाल, सरोज गुप्ता, सुनील सिंह, देवनंदन सिंह, सुलेखा कुमारी, सुशील मरांडी सुनील कुमार सिंह थे।

## जुडको परिसर मे झंडोत्तोलन

रांची। गणतंत्र दिवस के अवसर पर जुडको परिसर मे तिरंगा का झंडोत्तोलन किया गया। संस्थान के परियोजना निदेशक ( तकनीकी ) गोपालजी ने झंडा फहराया और तिरंगे को सलामी दी। इस अवसर पर उपस्थित परियोजना निदेशक ( प्रशासन ) अरविंद कुमार मिश्र एवं परियोजना निदेशक ( वित्त ) अमित चक्रवर्ती सहित उपस्थित जुडको के अधिकारियों और कर्मचारियों ने झंडे को सलामी देते हुये राष्ट्र गान गाया। गणतंत्र दिवस पर महिला कर्मियों को सम्मानित भी किया गया।

### शक्ति वंदन, स्वयं सहायता समूह और एनजीओ संपर्क अभियान की कार्यशाला

# पीएम नरेंद्र मोदी ने बढ़ाया महिलाओं का मान, सम्मान और स्वाभिमान: बाबूलाल

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** महिला वोटरों से संपर्क साधने के लिए भाजपा राष्ट्रीय स्तर पर शक्ति वंदन कार्यक्रम चला रही है। हरमू पटेल धर्मशाला में शक्ति वंदन एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित की गयी। इसमें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी मुख्य रूप से उपस्थित हुए। उन्होंने प्रदेश के महिला स्वयं सहायता समूहों के साथ संवाद किया और उन्हें सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लक्ष्य है दो करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाना है और 2024 में सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के मंत्र के साथ मोदी जी को फिर से प्रधानमंत्री बनाना है। कहा कि केंद्र की मोदी सरकार द्वारा महिलाओं के लिए कई प्रकार की विकास योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन योजनाओं का सीधा लाभ महिलाओं तक पहुंचे इसके लिए कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। श्री मरांडी ने कहा कि कहा कि नारी शक्ति को मजबूती देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विशेष सत्र बुलाकर महिलाओं को आरक्षण देते हुए विशेष कानून पास किया है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को केंद्र में रखकर कई प्रकार की महत्वाकांक्षी योजना लेकर देश की महिलाओं कर लाभान्वित किया है। शक्ति वंदन अभियान की राष्ट्रीय प्रभारी सह बिहार की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष लाजवंती झा ने कहा कि 2024 में महिला वोटर्स का प्रतिशत बढ़े इसके लिए इस अभियान में तेजी से कार्य करना है।

## शक्ति वंदन कार्यक्रम के माध्यम से 10 करोड़ महिलाओं तक पहुंचेगी भाजपा: लाजवंती झा

लाजवंती झा ने कहा कि इस अभियान के तहत देश भर की 10 करोड़ महिलाओं तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम की प्रदेश प्रभारी एवं हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से 30 लाख स्वयं सहायता समूह की बहनों से मिलना है और उनको मोदी जी की जनकल्याणकारी योजनाओं को बताना है। कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर ने कहा कि महिला मोर्चा की कार्यकर्ता नरेंद्र मोदी को दुबारा प्रधानमंत्री बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। कार्यक्रम का संचालन गीता बलमुचू एवं धन्यवाद ज्ञापन विनीता कुमारी ने किया। कार्यशाला में नीलम यादव,मंजुलता दुबे, डॉ सीमा सिंह,रेणुका मुर्मू,सरिता पाण्डे, रूपा सिंह, रेणु तिर्की, रेखा महतो, सोनी हेमरोम, रागिनी सिन्हा, लक्ष्मी कुमारी, सकुंतला देवी, मालती गिलुवा,रीता क्षेत्री एवं महिला मोर्चा की पदाधिकारी कार्यसमिति सदस्य, जिला प्रभारी एवं संयोजक उपस्थित हुए।

### राजभवन में एट होम और बैंड डिस्प्ले कार्यक्रम का आयोजन

## झांकी, परेड और बैंड विजेता पुरस्कृत



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** गणतंत्र दिवस समारोह 2024 के उपलक्ष्य में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन की मौजूदगी में शनिवार को राजभवन में एट होम कार्यक्रम एवं बैंड डिस्प्ले कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधान सभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो, पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, सांसद संजय सेठ, मुख्य सचिव एल खियांग्ते, विकास आयुक्त अविनाश कुमार, पुलिस महानिदेशक समेत भारतीय प्रशासनिक व पुलिस सेवा के वरीय अधिकारीगण एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

समारोह में पंजाब रेजिमेंटल सेंटर, प्रथम बटालियन जम्मू और कश्मीर लाइट इन्फैंट्री, झारखण्ड सशस्त्र पुलिस- 1, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं विवेकानंद विद्यालय, रांची की टीम द्वारा बैंड डिस्प्ले का मनमोहक प्रस्तुति की गई। इस अवसर पर राज्यपाल द्वारा मोरहाबादी में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह 2024 के अवसर पर झांकी, परेड एवं बैंड प्रदर्शनी के विजेताओं के बीच पुरस्कार वितरण किया गया। विदित हो कि झांकी में झारखण्ड राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड प्रथम, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग द्वितीय, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग तथा सूचना एवं जन-संपर्क विभाग को तृतीय, परेड में सेना को प्रथम, जैप- 1 को द्वितीय, सीआरपीएफ को तृतीय, बैंड में जैप-1 को प्रथम, सेना को द्वितीय एवं जैप 10 को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ।

## राजधानी धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस





खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी में शुक्रवार को 75वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। मौके पर झंडोतोलन के साथ-साथ कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बहावलपुरी समाज के अध्यक्ष ललित किंगर द्वारा समाजसेवी महेंद्र अरोड़ा तथा मनोहर लाल जसूजा द्वारा राजेंद्र कुमार गांधी एवं राजकुमार तलेजा को शॉल ओढ़ाकर एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। सोसाइटी फॉर इंडस्ट्रीलाइजेशन में श्रम नियोजन विभाग के अतिरिक्त सचिव ने झंडोतोलन किया। इस अवसर पर अमित प्रकाश, अतिरिक्त सचिव, श्रम नियोजन, झारखंड सरकार मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे।

**वार्ड नंबर 45 गोरखा चौके पर हुआ झंडोतोलन** : सचिवालय स्थित डोरंडा गोरखा चौक में झंडोतोलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जैप 1 के सूबेदार मेजर अनिल प्रधान, विशिष्ट अतिथि ऑफिसर्स एसोसिएशन जैप 1 के अध्यक्ष देव कुमार थापा आदि शामिल रहे।

**अंजुमन अस्पताल में किया गया झंडोतोलन** : अंजुमन अस्पताल में अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष मोख्तार अहमद, एवं पूर्व वार्ड पार्षद सह-अमन युथ सोसाइटी के संरक्षक मो. असलम ने संयुक्त रूप से झंडोत्तोलन किया।

**डोरंडा थाना प्रभारी ने किया झंडातोलन** : गणतंत्र दिवस के अवसर पर डोरंडा थाना के प्रांगण में थाना अध्यक्ष आनंद किशोर प्रसाद ने झंडोतोलन किया।

**रिसालदार शाह बाबा छात्रावास में झंडोत्तोलन** : हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार शाह बाबा छात्रवास डोरंडा रांची में जोश के साथ झंडोत्तोलन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में हॉस्टल के सुपरिंटेंडेंट मोहम्मद तहसील आलम उपस्थित थे।

**एसोसिएशन ऑफ डोरंडा कॉमर्स ने किया झंडोतोलन** : एसोसियशन ऑफ डोरंडा कॉमर्स के तत्वावधान में सेंट्रल सीरत कमिटी मैदान में अफजल आलम ने इंडोत्तोलन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डोरण्डा थाना प्रभारी आनंद कुमार प्रसाद, डोरण्डा कॉमर्स के सचिव विजय वर्मन आदि उपस्थित थे।

## सीयूजे के वीसी हाइकोर्ट के आदेश का पालन करें

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट ने सीयूजे (झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय) की उस एसएलपी (स्पेशल लीव पीटीशन) को खारिज कर दिया है, जिसमें झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय में कार्यरत कार्यकारी अभियंता कुमार पंकज आनंद की बर्खास्तगी के आदेश को हाईकोर्ट के गलत करार दिया था। दरअसल झारखंड हाईकोर्ट की एकल पीठ और डिवीजन बेंच ने झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के कार्यकारी अभियंता कुमार पंकज आनंद की बर्खास्तगी के आदेश को दुर्भावनापूर्ण और गैरकानूनी बताया था। अपने आदेश में हाईकोर्ट ने कहा था कि उन्हें प्रताड़ित किया गया था। इसलिए कुमार पंकज आनंद को उनके पद पर बहाल किया जाये। हाईकोर्ट के इस आदेश के खिलाफ सीयूजे ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड हाईकोर्ट के आदेशों का पालन नहीं करने पर कुलपति क्षितिज भूषण दास के खिलाफ अवमानना कार्यवाही जारी रखने का निर्देश दिया है।

## सदर हॉस्पिटल में लगायी जायेगी सीटी स्कैन मशीन, स्वास्थ्य विभाग को भेजा गया प्रस्ताव

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची का सदर सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में अब मरीजों को सीटी स्कैन की भी सुविधा मिलेगी। सीटी स्कैन मशीन लगाने का प्रस्ताव सरकार के पास भेजा गया है। इस पर सहमति मिलते ही मशीन का इस्टॉलेशन हॉस्पिटल में होगा। इसके बाद मरीजों को सरकारी रेट पर जांच की जा सकेगी। बताते चलें कि हॉस्पिटल के नए भवन की शुरूआत 4 अगस्त 2017 में 200 बेड के साथ हुई थी। अब हॉस्पिटल का नया भवन पूरी तरह से संचालित हो रहा है।

सिविल सर्जन रांची डॉ प्रभात कुमार के अनुसार हॉस्पिटल में अल्ट्रासाउंड, ईसीजी, पैथोलॉजी के सभी जांच हो रहे हैं। इसके अलावा कई अन्य सेवाएं भी हॉस्पिटल में शुरू हुई है। सीटी स्कैन के लिए प्रस्ताव सरकार को भेजा गया है। सरकार अगर मशीन खरीदने के अनुमति देती है तो खरीदारी के लिए प्रक्रिया शुरू की जाएगी। कोई एजेंसी पीपीपी मोड पर सीटी स्कैन आदि की सेवाएं देना चाहता है तो हम उसके लिए जगह उपलब्ध कराएंगे।

रिम्स में मरीजों का रेडियोलॉजी टेस्ट करने वाली एजेंसी हेल्थ मैप ने भी सदर हॉस्पिटल में सेवा देने को लेकर प्रस्ताव दिया है। यह एजेंसी रिम्स में लंबे समय से मरीजों के रेडियोलॉजी टेस्ट कर रही है।

**500 से अधिक बेड इनडोर में**

नए भवन में 500 से अधिक बेड की सुविधा है। इसके अलावा आईसीयू, सीसीयू, एचडीयू, चाइल्ड केयर, मैटरनिटी के अलावा जेरियाट्रिक वार्ड जैसी सुविधाएं भी सदर में उपलब्ध है। कोविड के आने के बाद हॉस्पिटल में कई बदलाव देखने को मिले। आज ओपीडी से लेकर इनडोर में स्पेशलिस्ट डॉक्टर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। कंसल्टेंट डॉक्टर मरीजों को कैंसर, नेफ्रोलॉजी, हार्ट के अलावा अन्य बीमारियों को लेकर सलाह दे रहे है। इतना ही नहीं सदर में मरीजों को इलाज भी मिल रहा है।

## खबर एक नजर में

### झारखंड युद्ध स्मारक पहुंचे गवर्नर



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने 75वें गणतंत्र दिवस की पावन संध्या पर दीपाटोली, रांची स्थित झारखंड युद्ध स्मारक में आयोजित मिलिट्री बैंड एवं मिलिट्री मार्शल आर्ट डिस्प्ले कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद शहीदों के परिजनों से भेंट की।

### उपायुक्त ने समाहरणालय में झंडोत्तोलन किया



रांची। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने गणतंत्र दिवस पर समाहरणालय परिसर में झंडोत्तोलन किया। उन्होंने जिला बंदोबस्त कार्यालय में भी झंडोत्तोलन किया। उपायुक्त ने गणतंत्र का महत्व बताया।

### राज्यपाल ने शहीदों को श्रद्धांजलि



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने आज 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर शहीद चौक स्थित शहीद स्थल-सह-स्मारक जाकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान के फलस्वरुप ही देश आजाद हुआ। यह अवसर संकल्प लेने का भी अवसर है और हम सब मिलकर देश के प्रगति एवं उन्नति के लिए एक साथ मिलकर कार्य करेंगे और विकसित भारत@2047 की परिकल्पना को साकार करेंगे।

### आरएसएस के एजेंडा पर डी लिस्टिंग का भय दिखा रही है भाजपा : गीता श्री उरॉव

**रांची।** पूर्व शिक्षा मंत्री गीताश्री उरांव ने भारतीय जनता पार्टी पर आदिवासी हित का दिखावा करने का आरोप लगाया है। उन्होंने भाजपा की सरकार के दौरान आदिवासी हित में किए गए कामों को लेकर जमकर भड़ास निकाली। गीता श्री उरांव ने कहा की आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बनाए जाने का ढिंढोरा पीटनेवाली भाजपा आदिवासियों की आँखों में धूल झोकने का प्रयास कर रही है और आरएसएस के एजेंडा पर काम कर रही है।

### डीएवी पुंदाग के छात्र देशभक्ति से सराबोर रहे

**रांची।** राजधानी रांची के स्कूलों में गणतंत्र दिवस की धूम रही। बच्चों ने एक से बढ़कर एक देश भक्ति से सराबोर कार्यक्रम प्रस्तुत किये। एसआर डीएवी पब्लिक स्कूल पुंदाग में 75वें गणतंत्र दिवस पर प्राचार्य एस के मिश्र ने झंडोत्तोलन किया।

### डीएवी बरियातू में झंडोत्तोलन

**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातु रांची में 75वें गणतंत्र दिवस समारोह में विद्यालय की अध्यक्षा सुशीला गुप्ता ने झंडोत्तोलन किया। एलकेजी के विद्यार्थियों से लेकर नवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। यूनिटी इन डायवर्सिटी ग्रुप डांस नो देश की सांस्कृतिक विरासत को दर्शाया।

### डीपीएस में गणतंत्र दिवस की धूम

**रांची।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में विद्यालय के प्राचार्य डॉ राम सिंह ने ध्वजारोहण किया। छात्राओं की मनमोहक प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्राचार्य डॉ. राम सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को राष्ट्र निमार्ता के रूप में राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी के बारे में जागरूक करना अतिआवश्यक है।

### नीरजा सहाय डीएवी में रंगारंग कार्यक्रम

**रांची।** कांके स्थित नीरजा सहाय डीएवी स्कूल में 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम हुआ। प्राचार्या किरण यादव ने झंडोत्तोलन कर छात्रों को गणतंत्र दिवस के महत्व से अवगत कराया। विद्यालय के एनसीसी दल ने मार्च पास्ट किया। प्राचार्या ने कहा कि विडंबना यह है कि हम अपने अधिकारों के प्रति तो सजग हैं लेकिन अपने कर्तव्यों के पालन के प्रति उदासीन रहते हैं। हमें अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा से पालन करना चाहिए, अधिकार तो उस कर्म का फल है, जो मिलेगा ही।

### टेंडर हार्ट में छऊ नृत्य की प्रस्तुति

**रांची।** टेंडर हार्ट स्कूल में 75वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। एनसीसी बटालियन द्वारा मार्च पास्ट कर तिरंगें को सलामी दी गयी। इस अवसर पर झारखंड का लोकप्रिय छऊ नृत्य का आयोजन किया गया। विद्यालय के वाईस चेयरमैन वेदान्त तिवारी ने कहा कि देश अपने सांस्कृतिक विरासत को सहेजने में कदम ताल कर रहा है। उन्होंने लोगों से संविधान में मिले अधिकारों का उपयोग देश को सशक्त बनाने में उपयोग करने का अपील की।

### सुरेंद्रनाथ सेंटेनरी में शान से लहराया तिरंगा

**रांची।** सुरेंद्रनाथ सेंटेनरी स्कूल में 75वां गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन हुआ। प्राचार्या समिता सिन्हा ने तिरंगा फहराकर ध्वजारोहण किया। छात्रों ने नृत्य, संगीत, भाषण और नाटक का शानदार मिश्रण प्रस्तुत किया। स्कूल की प्राचार्या समिता सिन्हा ने छात्रों के प्रयासों की सराहना की और उन्हें देश के सम्मान और अखंडता को बनाये रखने के लिए प्रेरित किया

### डीएवी हेहल में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में 75वां गणतंत्र दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। प्राचार्य एस के मिश्र ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी।

## रिम्स को नये निदेशक के रूप में मिलेंगे डॉ राजकुमार!

**एसजीपीजीआई लखनऊ के न्यू हेड के नाम पर लगी मुहर, औपचारिक घोषणा अभी बाकी**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स के कार्यकारी निदेशक डॉ राजीव कुमार गुप्ता का कार्यकाल पूरा होने के बाद जल्द ही नए निदेशक की बहाली होगी। रिम्स में निदेशक पद को लेकर कयासों का दौर जारी है। स्वास्थ्य विभाग के विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लखनऊ एसजीपीजीआई में न्यूरो के हेड और देश के बड़े डॉक्टरों में शुमार न्यूरो सर्जन डॉ राजकुमार नए निदेशक के रूप में पदभार ग्रहण कर सकते हैं। डॉ राजकुमार न्यूरो के जाने-माने डॉक्टर हैं। उन्होंने अपने हाथों से कई बड़े और जटिल ऑपरेशन किए हैं। हालांकि अभी तक इसको लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

**डॉक्टर राजकुमार के नाम पर लग चुकी है अंतिम मुहर** : स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार डॉक्टर राजकुमार के नाम पर लगभग मुहर लग चुकी है। नए निदेशक के रूप में डॉ राजकुमार के लिए कई चुनौतियां होंगी। इसमें रिम्स की व्यवस्था, मेडिकल छात्रों के हॉस्टल को सुदृढ़ करने की व्यवस्था सहित अस्पताल में आने वाले राज्यभर के मरीजों को सुविधा मुहैया कराने की व्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण चुनौतियां होंगी।

**रिम्स के कई चिकित्सक निदेशक पद की दौड़ में थे शामिल** : रिम्स में कार्यरत कई वरिष्ठ डॉक्टरों ने भी निदेशक पद के लिए आवेदन दिया था। जानकारी के अनुसार रिम्स के वर्तमान अधीक्षक डॉक्टर हिरेन बिरुवा, डॉ सीबी सहाय निदेशक पद की दौड़ में शामिल हैं।

**रिम्स के कई पूर्व निदेशक पूरा नहीं कर पाए कार्यकाल** : रिम्स निदेशक डॉ कामेश्वर प्रसाद ने अपने तीन साल का कार्यकाल पूरा नहीं किया था। तीन साल पूरा होने से पहले ही उन्होंने निदेशक पद से इस्तीफा दे दिया था। मालूम हो कि रिम्स में कई ऐसे निदेशक आए हैं, जो अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाए हैं।

## 11वीं जेपीएससी का नोटिफिकेशन जारी, 1-29 फरवरी तक करें आवेदन

**रांची।** झारखंड सिविल सेवा परीक्षा को लेकर शनिवार को जेपीएससी की ओर से नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। यह 11वीं जेपीएससी होगी। जेपीएससी ने अपने अधिकारिक वेबसाइट पर जारी नोटिफिकेशन में बताया है कि अलग-अलग कुल 342 पदों पर बहाली होगी। इसके लिए 1 से 29 फरवरी तक आवेदन किया जा सकता है। आवेदन ऑनलाइन होगा। जारी नोटिफिकेशन के अनुसार 17 मार्च को पीटी परीक्षा ली जाएगी, वहीं मई के दूसरे सप्ताह में मुख्य परीक्षा होगी। मेंस के बाद इंटरव्यू लिया जाएगा।

### विकसित भारत के संकल्प को पूरा करेंगे : डॉ टीके शांडिल्य



**रांची।** 75वें गणतंत्र दिवस के मौके पर डीएसपीएमयू में वीसी डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने झंडोत्तोलन किया। विश्वविद्यालय के एनसीसी अधिकारी डॉ जीसी बास्के के दिशा निर्देशन में मार्चपास्ट परेड का प्रदर्शन किया। कुलपति डॉ शांडिल्य ने कहा कि अपने गौरवशाली अतीत को स्मरण कर आने वाली पीढ़ी को उसके विषय में बताना चाहिए ताकि वे उन आदर्शो को आत्मसात कर सकें और विकसित भारत की संकल्पना को मूर्त रूप प्रदान करें। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लागू नई शिक्षा नीति एक अत्यंत सार्थक प्रयास है।

### निर्मला कान्वेंट में मना गणतंत्र दिवस समारोह



**रांची।** निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल में आयोजित 75वें गणतंत्र दिवस समारोह में विद्यालय की सचिव सीमा शर्मा, प्राचार्य विजय कुमार शर्मा तथा शिक्षकों ने झंडोत्तोलन किया। वहीं, विद्यालय के बच्चों ने राष्ट्र ध्वज के सम्मान में नृत्य प्रस्तुत किया। इस दौरान नृत्य - संगीत भी प्रस्तुत किए गये। सीमा शर्मा ने कहा कि विद्यालय परिवार ने ऐसे वातावरण का निर्माण किया है, जिसमें बच्चे तनावमुक्त होकर हर तरह की जरूरी शिक्षा प्राप्त करते हैं। मौके पर विद्यालय के शिक्षक आशुतोष कुमार, शिवानी कुमारी, किरण कुमारी, सुरेश कुमार, पंकज कुमार, सुधा राणा, एनिमा इक्का और अभिभावक उपस्थित थे।

### बीआईटी लालपुर में प्रभातफेरी

**रांची।** बीआईटी लालपुर केन्द्र में गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडोत्तोलन किया गया। केंद्र की निदेशक डॉ वंदना भट्टाचार्जी ने कहा कि आप जिस क्षेत्र में जाएं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर देश को गौरान्वित कर सकते हैं। उन्होंने भविष्य में बीआईटी मेसरा के होने वाले शिक्षा और विज्ञान के क्षेत्र में होने वाले गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इससे पूर्व एनएसएस के ऊजार्वान सदस्यों ने प्रभात फेरी के माध्यम से युवाओं में बढ़ते नशा पर आधारित नुक्कड़ नाटक का मंचन कर समाज में फैल रहे नशा पर संदेश दिया। इसका नेतृत्व प्रभारी डॉ अभय रंजन श्रीवास्तव, डॉ संदीप नाथ शाहदेव डॉ प्रदीप मुंडा सहायक कुलसचिव सिद्दी कांत मिश्रा, शांतनु सिन्हा, अजय कुमार, मनोज कुमार ने किया।

### देशभक्ति में रंगे सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के छात्र

**रांची।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर धुर्वा में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर शिशु विकास मंदिर समिति के अध्यक्ष शक्तिलाल नाथ दास ने भारत माता की पूजन कर समारोह का शुभारंभ किया। इसके बाद ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय गान गाया गया। छात्रों द्वारा देशभक्ति गीत एवं रंगमंचीय कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। मुख्य अतिथि ने कहा कि देश की आजादी के बाद लिखित संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ, इसी संविधान के आधार पर देश आगे बढ़ता जा रहा है। हमें देश एवं समाज के उन्नति के बारे में सोचना होगा। समाज और देश के प्रति अनुशासन एवं समर्पण भाव से ही देश को प्रगति के पथ पर ले जाया जा सकता है। कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम गीत के साथ हुआ।

### डीएवी कपिलदेव में गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण

**रांची।** डीएवी कपिल देव पब्लिक स्कूल में 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने शानदार नृत्य नाटिका संकल्प प्रस्तुत की, जिसमें झारखंड में आजादी की क्रांति की शुरूआत करने वाले बिरसा मुंडा से लेकर आज तक के भारत के विकास को दशार्या गया। विद्यालय के प्राचार्य एमके सिन्हा ने कहा कि आज हम विकास के दौर में चल रहे हैं। नारी शिक्षा अपने उच्चतम दौर में है। लेकिन नैतिक शिक्षा के अभाव में देश का बहुत बड़ा अहित हो रहा है। बच्चों में अच्छे संस्कार की जरूरत है।

## नशा मुक्त भारत अभियान: डीसी न साईकिल रैली किया रवाना

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने शनिवार को समाहरणालय परिसर रांची से नशा मुक्त भारत अभियान के तहत साईकिल रैली को रवाना किया। जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित रैली नशा मुक्त भारत अभियान के प्रति जागरूक करने के लिए निकाली गयी। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी स्वेता भारती, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी डॉ. प्रभात शंकर, जिला बाल कल्याण पदाधिकारी वेद प्रकाश तिवारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा रविशंकर मिश्रा एवं सम्बंधित सभी पदाधिकारी कर्मी उपस्थित थे।

**छोटे-छोटे बच्चों और विद्यार्थियां में नशे की लत** : डीसी ने साईकिल रैली को रवाना करने वक्त कहा कि पूरे जिले में नशा मुक्ति को लेकर नशा मुक्ति जागरूकता चलाया जा रहा है। नशा करने से समाज को बहुत नुकसान हो रहा है। छोटे-छोटे बच्चे और विद्यार्थी नशे के आदी हो रहे हैं, इससे उनके स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। इसका दुसप्रभाव यह होता है, कि उनकी आर्थिक स्थिति खराब हो जाती है। घर में झगडे झंझट, कलह-कलेश बढ़ जाते हैं। उपायुक्त ने विशेष रूप से कहा कि हमारे बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं। उन्हें नशे से मुक्त रखना जरुरी है। ताकि वे अपना पठन-पाठन सही तरीके से कर पायें।

**स्कूलों, कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाया जाना चाहिए** : नशे से परिवार, समाज का बहुत नुकसान होता है। जिससे देश का भी बहुत नुकसान है। इसके लिए स्कूलों, कॉलेजों, शिक्षण संस्थानों में जागरूकता अभियान चलाया जाना चाहिए। जितने भी मादक पदार्थ होते हैं, उससे क्या-क्या नुकसान हैं, स्वास्थ्य पर क्या नुकसान है, इसके बारे में बताया जाये। नशे के सौदागरों पर कठोर कार्रवाई की जाये। डीसी ने कहा कि नशे से समाज और देश को काफी नुकसान है। देश को इससे बचाने के लिए नशे के सौदागरों पर कठोर कार्रवाई की जरूरत है।

**नशा मुक्त भारत का सपना पूरा करें** : उन्होंने कहा कि नशे से जुड़ी जो भी सूचना विभिन्न माध्यमों से मिलती है, उस पर कार्रवाई करने की आवश्यकता है, ताकि इस सिण्डिकेट को ध्वस्त किया जा सके। उन्होंने सभी से अनुरोध करते हुए कहा कि नशा मुक्ति से जागरूक करते हुए हम सभी अपने राज्य और देश को नशा मुक्ति की तरफ ले चलें और एक कुशल भारत, नशा मुक्त भारत का सपना पूरा करें।

## समय संवाद

समाजशास्त्री, एन ओकली, जिन्होंने 1970 के दशक में प्रकाशित अपनी पथ-ब्रेकिंग किताबों में गृहकार्य के इतिहास का अध्ययन किया था, ने कहा कि 'घर के लिए मजदूरी' केवल महिलाओं को घर के भीतर कैद करती है, उनके सामाजिक अलगाव को बढ़ाती है। महिला आंदोलन का लक्ष्य मजदूरी मांगना नहीं होना चाहिए, बल्कि महिलाओं को नियमित घरेलू कामों से दूर रखना है और उन्हें घर के बाहर भुगतान किए गए रोजगार सहित सामाजिक जीवन के सभी क्षेत्रों में पूरी तरह से भाग लेने में सक्षम बनाना है। गृहकार्य के लिए मौद्रिक पारिश्रमिक के लिए बहस महिलाओं के आंदोलन के भीतर अनसुलझी रही है।

# घरेलू काम के लिये वेतन मिलना ही चाहिए

**प्रियंका सौरभ**



(भारत में घरेलू श्रम के सवाल पर एक महत्वपूर्ण अभियान चल रहा है। ये मुख्य रूप से महिलाएं हैं जो 'महिलाओं के काम' करती हैं, लेकिन अन्य लोगों के घरों में। वो मांग करते हैं कि उनकी शर्तों को परिभाषित किया जाए, न्यूनतम मजदूरी की गारंटी दी जाए, और श्रमिकों की स्थिति और अधिकारों की रक्षा की जाए। )

इंटरनेशनल लेबर ऑर्गनाइजेशन द्वारा 2018 में प्रकाशित एक रिपोर्ट से पता चलता है कि, वैश्विक स्तर पर, महिलाएं घरेलू देखभाल के काम के कुल घंटों का 76.2% करती हैं, जो पुरुषों की तुलना में तीन गुना अधिक है। एशिया और प्रशांत में, यह आंकड़ा 80% तक बढ़ जाता है। उत्तरी अमेरिका और यूरोप में महिलाओं के आंदोलन ने गृहकार्य के लिए मजदूरी की मांग उठाई है। सामाजिक और राजनीतिक समानता के लिए अन्य मांगों के साथ-साथ, महिलाओं के अधिकार प्रचारकों ने घरेलू महिलाओं के गृहकार्य और बाल देखभाल के रोजमर्रा के कार्यों का अब वैधानिक तौर पर मांग के लिए प्रचार किया है। ऐसा करने में, उन्होंने इस धारणा को चुनौती दी कि गृहकार्य महिलाओं की आवश्यक प्रकृति में निहित थी।

1960 और 1970 के दशक की अग्रणी महिला अधिकार कार्यकताओं के लिए, इस मिथक को तोड़ना महत्वपूर्ण था कि घर में महिलाओं का काम पूंजीवादी उत्पादन की बिना किसी शर्त के एक व्यक्तिगत सेवा थी।महिलाओं के खाना पकाने, सफाई, कपड़े धोने, इस्त्री करने के कपड़े, दोपहर के भोजन के बक्से पर श्रम शक्ति एक दुकान या विधानसभा लाइन में दैनिक खपत के बराबर होती है. घर में मुफ्त सेवाएं प्रदान करके महिलाओं के 'वास्तविक कार्य' या सामाजिक अनुबंध के रूप में देखने से रोक दिया। हमारे समाज ने चुपचाप यह निर्णय लिया है कि घरेलू काम महिलाओं की जिम्मेदारियों और गतिविधियों के क्षेत्र से संबंधित हैं। यह भी निर्धारित किया है कि यह काम कोई आर्थिक मूल्य नहीं लेगा। लेकिन ऐसा क्यों होना चाहिए? भारत के सामाजिक-आर्थिक नीति ढांचे में महिलाओं द्वारा किए जाने वाले घरेलू कामों और खेत श्रम को क्यों स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए? सरकार देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) को बनाने में महिलाओं की भूमिका को नहीं माप कर लैंगिक भेदभाव कर रही है। भारत की जनगणना भिखारियों और छात्रों के साथ गैर-कामकाजी आबादी में घरेलू काम रखती हैं। जनगणना 2011 में गैर-कार्यशील आबादी की संख्या 728.9 मिलियन थी। आधिकारिक परिभाषा कहती है कि ये वे लोग हैं जिन्होंने किसी समय अवधि में किसी भी प्रकृति का काम नहीं किया था। इनमें से 165.6 मिलियन लोगों का मुख्य काम ₹घरेलू जिम्मेदारियों का निर्वहन था, वे ज्यादातर 96.5 प्रतिशत या 159.9 मिलियन महिलाएं हैं।

इस कार्य को न केवल पहचानने की एक स्पष्ट और वर्तमान आवश्यकता है, बल्कि इसका पुनर्वितरण भी करना जरूरी है। एक परिवार के सदस्यों के बीच घरेलू कर्तव्यों को साझा किया जाना चाहिए। माउंटेन रिसर्च एंड डेवलपमेंट जर्नल में 2011 में प्रकाशित अध्ययन, जिसका शीर्षक है ₹घरेलू भोजन और आर्थिक सुरक्षा के लिए महिला का योगदान में पर्वतीय क्षेत्र की महिलाओं के बारे बताया कि उन्होंने कोई काम नहीं किया। हालांकि, जब उनकी गतिविधियों का विश्लेषण किया गया, तो यह देखा गया कि जब क्षेत्र के पुरुष औसतन नौ घंटे काम करते थे, तब महिलाएं 16 घंटे तक मेहनत करती थीं।

ये कार्य जो महिलाओं की ज़िम्मेदारी का हिस्सा है जो मानव जीवन को बनाए रखता है और श्रम शक्ति को पुनः पेश करता है, को हमेशा की तरह दबाया जाता है। यह उल्लेखनीय है कि भारत में घरेलू श्रम के सवाल पर एक महत्वपूर्ण अभियान चल रहा है। ये मुख्य रूप से महिलाएं हैं जो 'महिलाओं के काम' करती हैं, लेकिन अन्य लोगों के घरों में। न्यूनतम मजदूरी की गारंटी दी जाए, और श्रमिकों की स्थिति और अधिकारों की रक्षा की जाए। राज्य द्वारा होमवर्क को मान्यता

# राम के जीवन से सीखें भक्ति निमार्ण में धर्य की कला

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**किसी** भी निर्माण की प्रकिया छोटे से आंरभ होती है। धीरे-धीरे आंरभ होकर वह प्रकिया बड़ा रुप ले लेती है। काई भी प्रकिया में आंरभिक तेजी हार का कारण भी बनती है। व्यवहार जगत में मैराथन दौड़ वही जीतता है जो आंरभ में अपनी उर्जा बचाता है और अंतिम में अपनी पूरी उर्जा लगा देता है। धर्य से ही निमार्ण होता है। भक्ति का निमार्ण भी जीवन में धर्य से ही होता है। राम के जीवन में भी धर्य असीम था। वे शिक्षा प्राप्त करने के बाद पूरे देश के तीर्थो का भ्रमण करने के बाद भी चिंतन में ही थे। ब्रंह्म ज्ञान के लिए मिला जीवन किस ओर जा रहा है। कोई तो मिले जो हमें इस बात को बताये। इसी बीच गुरु विश्वमित्र यज्ञ की रक्षा के लिए उनसे मिलने आये तब उन्होंने उन्हें ज्ञानी मानकर अपनी समस्या बतायी।

तब विश्वमित्र ने कहा कि गुरु वशिष्ठ के होते मैं क्या समझा सकता हूं। वे हमारे भी गुरु हैं और हमने जो कुछ ज्ञान हासिल किया है वे उनकी कृपा से हो सकी है। राम समझते थे कि वशिष्ठ तो उनके कुल के गुरु हैं एक सामान्य पूजा-पाठ करने वाले व्यक्ति है। लेकिन जब उन्हें मालूम हुआ तब वे वशिष्ठ के पास गये और पूछा की आप ब्रंह्म ज्ञानी है यह बात हमें पता नहीं था। आपने उस स्तर का ज्ञान मुझे क्यों नहीं दिया। वशिष्ठ ने कहा आपकी जिज्ञासा आज परिपक्व हुई है इसलिए आज मैं आपको ज्ञान दूंगा। आदमी जो भी जप-तप-ज्ञान करता है उससे जिज्ञासा पैदा होना चाहिए। यह जिज्ञासा ज्ञान का होगा। ज्ञान के लिए गुरु स्थान और गुरु की भूमिका होगी। यही ज्ञान हर काल में रहा है सिर्फ स्थान और व्यक्ति बदल गये हैं। राम के काल में गुरु वशिष्ठ, कृष्ण के काल में दुर्वासा और आधुनिक काल में स्वामी रामकृष्ण परमहंस और विवेकानंद, स्वामी परमहंस दयाल जी और स्वामी जी ने ज्ञान को संरक्षित किया प्रचार और प्रसार किया। योग्य पात्र को खोजा और उन्हें प्रदान किया। धन से ज्ञान खरीदा नहीं जा सकता है। ब्रंम्हचर्य, गृहस्थ,वानप्रस्त और सन्यास चार अवस्था से मनुष्य गुजरता है। गृहस्थी के लिए भी सन्यास की अवस्था है।

जीवन के सभी जवाबदेही निभाते हुए सन्यासी का जीवन भरत ने जीया था। योग्य, अतियोग्य व्यक्ति का मिलने का क्रम जारी रहता है। पूर्ण समर्पण से ज्ञान का मार्ग प्रशस्त होता है। प्रकृति में भी इसका उदाहरण है। यमुना का गंगा में समर्पण के बाद यमुना पूरी तरह से समाप्त हो जाती है। गंगा सागर में मिलकर समर्पित हो जाती है। इसी प्रकार पूर्ण समर्पण से ही ज्ञान मिल सकता है जिसके बाद कुछ भी पाना शेष नहीं रह जाता है।

(ब्रम्ह विद्यालय आश्रम छोटका राजपुर, बक्सर, शाखा कुटी रांची)

## अयोध्या में श्री राम प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पूजा हवन कर लगायी गई प्रतिमा

# झुमरा स्थित दुर्गा मंडप के समीप लगायी गई भैया रामशरण सहाय की प्रतिमा

**रोशन सिन्हा**



दारूः भैया रामशरण सहाय स्वतंत्रता सेनानी सरस्वती देवी एवं भैया केदारनाथ सहाय के प्रथम पुत्र थे। इनकी माता संयुक्त बिहार एवं झारखंड की प्रथम महिला स्वतंत्रता सेनानी थी। इनके पिता भैया केदारनाथ सहाय हजारीबाग के वरिष्ठ वकील थे। देशभक्ति का जज्बा इन्हें अपने माता-पिता से विरासत में मिला था। स्वतंत्रता इनके घर का मुख्य उद्देश्य था क्योंकि सरस्वती देवी आजादी की लड़ाई में व्यस्त रहती थी और उन्हें जेल तक जाना पड़ता था। इसलिए भैया रामशरण सहाय का बचपन मां की अनुपस्थिति में व्यतीत हुआ। रामशरण सहाय भी युवावस्था आते ही स्वतंत्रता के आंदोलन में भाग लेने लगे। इन्हें लोग रामशरण लाल के नाम से भी जानते थे। यह अक्सर अंग्रेजों एवं अंग्रेजी संस्थानों का विरोध किया करते थे। जिसके कारण इन्हें काफी प्रताड़ना झेलनी पड़ी एवं कई बार लाठी भी खानी पड़ी। 8 अगस्त 1942 को गांधी जी ने अंग्रेज भारत छोड़ो और करो और मरो का नारा दिया। इस भारत छोड़ो आंदोलन में इन्होंने अंग्रेजों के विरुद्ध काफी सक्रिय भूमिका निभाई थी। 9 अगस्त तक सभी बड़े नेताओं को जेल भेज दिया गया जिसमें इनकी माता को भी जेल जाना पड़ा तब क्रांति का बागडोर उनके बड़े पुत्र ने अपने हाथों में ले लिया। इन्होंने हजारीबाग के छात्र आंदोलन का नेतृत्व करते हुए उपायुक्त कार्यालय से यूनियन जैक उतार कर हमारे देश का तिरंगा फहराया। उपायुक्त ने गोली चलाने का आदेश देने का मन बनाया लेकिन बाद में गिरफ्तारी का ही आदेश दिया। गिरफ्तारी के बाद इन्हें हजारीबाग सेंट्रल जेल में भेज दिया गया। उस वक्त यह मात्र 18 वर्ष के थे। 1 साल सेंट्रल जेल में पूरा होने के बाद इन्हें पटना के बांकीपुर कैम्प जेल में भी 1 साल रहना पड़ा। अपने कारावास के दौरान यह अंग्रेजों का विरोध करते एवं सत्याग्रह करते थे और इस तरह उन्होंने जेल में भी चरखा चलाकर स्वतंत्रता आंदोलन में अपना योगदान दिया। अंग्रेजों ने इन पर इतना जुल्म ढाया कि यह अस्वस्थ रहने लगे और जेल से छूटने पर इनके पिता को काफी दिनों तक इनका इलाज कराना पड़ा लेकिन हर दुख का एक सुखद अंत होता है। 15 अगस्त 1947 को हमारा देश अंग्रेजों की गुलामी से स्वतंत्र हुआ। इसके बाद यह सामाजिक कार्यों में जुट गए यह बुनकरों को रुई बांटते जिस को काटकर बुनकर अपना रोजगार चलाते हैं यह खेती के काम में भी सहयोग किया करते थे। इनका विवाह 1946 ईस्वी में एक धार्मिक महिला सावित्री सहाय से हुआ जो कि मुंसिपल स्कूल की प्रधानाध्यापिका थी इनके तीन पुत्र भैया मारुति शरण सहाय भैया राघवेंद्र शरण सहाय भैया कौशलेंद्र शरण सहाय एवं दो पुत्रियां प्रीति रानी एवं दीप्ति रानी हुई। आजादी के रजत जयंती के अवसर पर 15 अगस्त 1972 ईस्वी में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के द्वारा इन्हें ताम. पत्र से सम्मानित किया गया। ये राम भक्त थे। और अयोध्या जी जाना इन्हें काफी सुखद लगता था। वर्ष के कुछ महीने यह अयोध्या जी में ही व्यतीत करते थे। इन्होंने कभी गलत का साथ नहीं दिया अपने इसी पुराने स्वभाव के कारण जमीन माफियाओं का विरोध करने के क्रम में इन्हें अपनी जान गवानी पड़ी। 27 नवंबर 1981 में इनकी मृत्यु हुई और हमने एक महान व्यक्तित्व को खो दिया।

**झुमरा स्थित दुर्गा मंडप के समीप लगायी गई भैया रामशरण सहाय की प्रतिमा**

भैया रामशरण सहाय के वंसजो के द्वारा 22 जनवरी को उनकी प्रतिमा झुमरा स्थित दुर्गा मंडप के समीप लगायी गई। इस अवसर पर पूजा हवन करके मूर्ति का अनावरन किया गया। रामशरण सहाय के वंसजो के द्वारा भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमे काफी संख्या में लोग उपस्थित हुए। इस मौके पर भैया मारुति सहाय, भैया सुकेश सहाय, भैया अनुपम कुमार, भैया मुकेश कुमार, श्रीमती शारदा सहाय, मीणा नारायण, दीपा सहाय, श्वेता शिल्पी, मृत्युंजय कुमार, भैया सुमित सहित कई लोग उपस्थित है।

लाला लाजपत राय, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के एक महत्वपूर्ण नेता थे जो अपने समर्पण और बलिदान के लिए प्रसिद्ध थे। उनका जन्म 28 जनवरी 1865 को पंजाब के जिले में हुआ था। वे एक प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी, विचारक, और राजनेता थे जो अपने जीवन को देश की सेवा में समर्पित कर दिया।

लाला लाजपत राय का परिवार एक साधू और शिक्षित परिवार था, और उनका बचपन साधुता और संस्कृति के आसपास घूमता रहा। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा आगरा में प्राप्त की और वहां ही उन्होंने अपने दौड़ की शुरूआत की।

प्रारंभिक जीवन

प्रारंभिक शिक्षा गाँव के पाठशाला में हुई, जहाँ उन्होंने संस्कृत, फारसी और उर्दू भाषाओं का ज्ञान प्राप्त किया।

1880 में, लाहौर के गवर्नमेंट कॉलेज में दाखिला लिया और कानून की पढ़ाई शुरू की। इस दौरान वे आर्य समाज के सुधारवादी आंदोलन से जुड़े और स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय हुए।

राष्ट्रीय राजनीति में प्रवेशः

1887 में वकालत की डिग्री प्राप्त करने के बाद, लाला लाजपत राय ने रोहतक और हिसार में वकालत शुरू की। जल्द ही वे राष्ट्रीय राजनीति में रुचि लेने लगे और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में शामिल हो गए।

1905 में हुए बंगाल विभाजन के विरोध में उन्होंने सक्रिय भूमिका निभाई और स्वदेशी आंदोलन का नेतृत्व किया। इस आंदोलन के तहत उन्होंने विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार और भारतीय वस्तुओं के उपयोग पर बल दिया।

1907 में हुए सूरत अधिवेशन में गरम पंथ के उभरने के साथ ही लाला लाजपत राय, बाल गंगाधर तिलक और बिपिन चंद्र पाल की त्रिमूर्ति ने पूर्ण स्वराज की मांग उठाई।राष्ट्रीय कांग्रेस के साथ जुड़कर अपने विचारों को उजागर किया और लोगों को स्वतंत्रता के लिए संघर्ष करने के लिए प्रेरित किया।

लाला लाजपत राय का योगदान 1919 के जलियावाला बाग कांड में विशेष रूप से प्रमुख था। इस कांड में निरंतर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे लोगों पर ब्रिटिश सेना ने बर्बरता से हमला किया, जिससे कई नागरिकों की मौके पर हत्या हो गई। इस घटना ने लाजपत राय को और भी आत्मनिर्भरता और स्वतंत्रता के लिए संघर्ष करने का आदान-प्रदान किया।

उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में अपनी बहादुरी और नेतृत्व का प्रदर्शन करते हुए अपने समर्थन में लोगों को एकजुट किया। उन्होंने ब्रिटिश सरकार के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करते हुए विभिन्न स्वतंत्रता संगठनों के साथ मिलकर जनता को जागरूक किया और उन्हें सकारात्मक दिशा में प्रेरित किया।

लाला लाजपत राय ने भारतीय समाज को समृद्धि, स्वावलंबन, और स्वतंत्रता की ओर प्रेरित किया। उन्होंने नारी शिक्षा, समाज सेवा, और सामाजिक सुधार के क्षेत्र में अपने योगदान के लिए भी प्रसिद्धता प्राप्त की।

उनका योगदान स्वतंत्रता संग्राम के प्रति उनकी समर्पणशीलता और उनके सिद्धांतों के लिए हमें एक महान नेता की आद

प्रदान करता है। उनका आत्मनिर्भरता की भावना और राष्ट्रभक्ति ने भारतीय जनता को एक साथ आने के लिए प्रेरित किया और उन्हें स्वतंत्रता की प्राप्ति के लिए संघर्ष करने के लिए उत्तेजित किया।

लाला लाजपत राय का नाम भारतीय इतिहास में एक महत्वपूर्ण पन्ना है, और उनकी श्रद्धांजलि आज भी हमारे देश के स्वतंत्रता संग्राम के शौर्य और समर्पण को स्मरण में लाती है।

पंजाब केसरी और सामाजिक सुधारः

लाला लाजपत राय को उनके अदम्य साहस और राष्ट्रभक्ति के लिए ₹पंजाब केसरी₹ की उपाधि से सम्मानित किया गया। उन्होंने पंजाब में राष्ट्रीय चेतना जगाने और स्वतंत्रता संग्राम को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

सामाजिक सुधार में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने आर्य समाज के साथ मिलकर जाति-पाति के भेदभाव, बाल विवाह और महिलाओं के प्रति भेदभाव का विरोध किया। शिक्षा के प्रसार के लिए उन्होंने कई स्कूल और कॉलेजों की स्थापना की।

30 अक्टूबर 1928 को लाहौर में हुए एक प्रदर्शन में पुलिस ने उनके ऊपर लाठीचार्ज किया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। 17 नवंबर 1928 को उनका निधन हो गया।

मृत्यु और विरासतः

लाला लाजपत राय की मृत्यु से पूरे देश में शोक की लहर दौड़ गई। उनकी शहादत ने स्वतंत्रता संग्राम को और गति प्रदान की।

# कोई प्रजा नहीं

**सुधांशु कुमार**

**गौर** करें कि यहां पंचायती का मतलब यह नहीं कि प्रभाव तो गांव में होना है; सोचने, योजना बनाने और क्रियान्वयन के तरीके कहीं और...केन्द्र में तय हों। इस पर भी घोषणा और अपेक्षा की लोगों को सहभागी बनाना है। यह तो सिद्धांततः उलट बात है। यही तो हमारे संसदीय गणतंत्र में कमी है। हमें एकमत होना होगा कि पंचायती का मतलब, केन्द्र से सोची और उतारी गई योजनाओं को क्रियान्वित करने वाली एजेन्सी हो जाना नहीं है। पंचायती मतलब सत्ता का प्रधान-पंच के हाथ में आ जाना भी नहीं। कार्य विशेष के लिए बैठी सभा, कार्य सम्पन्न होने के साथ ही विसर्जित हो गई। गांव की आय में किसका कितना अंश... गांव के पुरोहित-कारीगर का कितना; व्यवस्था संचालकों को कितना ? सब कुछ परम्परा से तय था। अंश प्राप्तकर्ता को मांगने नहीं आना पड़ता था। अंश को एकत्र करना; उसके प्राप्तकर्ता तक पहुंचाना भी गांव द्वारा तय ग्रामणी का काम। नेतृत्व से लेकर निर्णय तक सभी कुछ सामिलात, सर्वसम्मत, सम्भावी, स्वावलम्बी, न्यायप्रिय।

पंचायती लोकतंत्र का मतलब, अपने बारे में खुद सोचने, खुद नियोजित करने और खुद ही उसका क्रियान्वयन करने वाली व्यवस्था। क्रियान्वयन करने वाले हाथ, जवाबदेही, संसाधन भी उसी स्थान के हों, जिस भूगोल पर उसका सीधे-सीधे प्रभाव होना है; चाहे फिर वह गांव हो या नगर। यही तो असली आजादी थी; असली स्वराज। आखिरकार, यही तो वह व्यवस्था थी, जिसे भारत की सुख, समृद्धि और स्वतंत्रता का अधिकतर श्रेय देते हुए ब्रिटिश गर्वनर चार्ल्स मेटकाफ ने लिखा था - "ये गांव समाज छोटे-छोटे ऐसे प्रजातंत्र हैं, जिन्हे अपनी आवश्यकता की लगभग हर वस्तु अपने ही भीतर मिल जाती। एक गणतंत्र के रूप में भारत सात दशक पूरा करना जा रहा है। आइए, 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर हम, भारत की जनता इस पर विचार करें।

# संविधान में राम- कृष्ण

**आरके सिन्हा**



**भारत** के संविधान की मूल प्रति में राम, कृष्ण और नटराज के चित्र क्यों हैं। यही नहीं, हमारे संविधान की मूल प्रति पर शांति का उपदेश देते हुये भगवान बुद्ध भी और पूर्व सभ्यता के प्रतीक मोहन जोदड़ों के चित्र भी हैं जो अब कायदे से पाकिस्तान के अंग है। हिन्दू धर्म के एक और अहम प्रतीक अष्ट कमल भी संविधान की मूल प्रति पर हर जगह मौजूद हैं। पूरा मुखपृष्ठ ही कमल दल को संजोकर बनाया हुआ है क संविधान की मूल प्रति में मुगल बादशाह अकबर भी दिख रहे हैं और सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह भी वहां मौजूद हैं। मैसूर के सुल्तान टीपू और 1857 की वीरांगना रानी लक्ष्मी बाई के चित्र भी संविधान की मूल प्रति पर उकेरे गए हैं। तो राष्ट्रपति जी पर सवालिया निशान खड़े करने वाले जान लें कि हमारा संविधान नास्तिक भारत के निर्माण की वकालत तो कदापि नहीं करता। ये विक्षिप्त मानसिकता के तत्व यह भी कह रहे हैं कि राष्ट्रपति कोविंद ने देश के पहले राष्ट्रपति डा. राजेन्द्र प्रसाद का अनुसरण किया तो यह तो बहुत अच्छा ही किया है । डा. राजेन्द्र प्रसाद 1951 में जब सोमनाथ मंदिर का पुननिर्माण पूरा हुआ तो खुद इसका उद्घाटन करने के लिए गए थे, हालांकि तब के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को यह पसंद नहीं आया था और उन्होंने खुले तौर पर विरोध भी किया था । राजेन्द्र बाबू, नेहरु जी और सोमनाथ मंदिर का उदाहरण देने वाले अपना इतिहास का ज्ञान थोड़ा सा दुरुस्त कर लें। जो नेहरु जी आपत्ति जता रहे थे राजेन्द्र बाबू के सोमनाथ मंदिर जाने पर वे स्वयं दिल्ली में हजरत बख्तियार काकी की दरगाह की मरम्मत के लिए तो कभी पीछे नहीं हटे थे। फिर वे आगे चलकर वहां जाने भी लगे फूल वालों की सैर कार्यक्रम में भाग लेने के लिए। ये थी नेहरु जी की धर्मनिरपेक्षता। सोमनाथ मंदिर तो मुगल आक्रांताओं द्वारा कई बार तोड़ा गया था क लेकिन, इसके पुनरोद्धार के लिये नेहरु ने तो कभी 50 रुपए भी नहीं किये थे क कहां सोमनाथ और कहाँ एक मामूली शख्श की कब्र ? इसी से साबित हो जायेगा कि नेहरु और उनके चेलों की धर्मनिरपेक्षता का दोगला चरित्र कैसा है ? क्या उन्हें मालूम है कि दिल्ली में विगत 50 सालों में बने भव्य मंदिरों में छतरपुर में स्थित आद्या कात्यानी शक्ति पीठ मंदिर की स्थापना में उन्हीं इंदिरा जी का आशीर्वाद था। ये मां दुर्गा के कात्यायनी रूप को समर्पित मंदिर है। इसका शिलान्यास सन 1974 में किया गया था। इसकी स्थापना कर्नाटक के संत बाबा नागपाल जी ने की थी। यह मंदिर 70 एकड़ में फैला है। कहते हैं कि ये संसार के सबसे विशाल मंदिरों में से एक है। अगर इंदिरा जी इस मंदिर के निर्माण से जुड़ी थीं तो इसमें कोई अपराध तो वह नहीं कर रही थीं। कांचीपीठ के शंकराचार्य चन्द्रशेखरानन्द सरस्वती (जयेन्द्र सरस्वती के गुरु) के आशीर्वाद लेती रहती थीं।

और जो राजेन्द्र बाबू के सोमनाथ मंदिर में जाने को बार-बार मुद्धा बनाते हैं, वे जान लें कि उन्हीं की पहल पर राष्ट्रपति भवन परिसर के भीतर मंदिर और मस्जिद दोनों ही का निर्माण हुआ था। चूंकि राष्ट्रपति भवन से सटे ही हैं चर्च और गुरुद्वारा इसलिए इनके निर्माण की जरूरत महसूस नहीं की गई होगी। राजेन्द्र बाबू और उनकी पत्नी श्रीमती राजवंशी देवी प्रसाद दिवाली, ईद, क्रिसमस, बाबा नानक जन्म दिन आदि त्यौहार पूरे राष्ट्रपति भवन के सैकड़ों कर्मचारियों के साथ मनाते थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# चापलूसी एक कला है !

**प्रफुल्ल सिंह उर्फ बैचेन कलम**

**एक** जमाना था जब चापलूसी बस जीभ तक ही सिमट के रहा करती थी। समस्त शरीर में सिर्फ मुंह ही चापलूसी का उद्गम और अधिकेंद्र हुआ करता था। कालांतर में फिर समय के साथ साथ बाह्य ताप और दाब के परिणामस्वरूप ये जीभ से हाथ और हाथ से पैर तक आ गया। किसी कूट भाषा में आजकल लोग उसे 'उठाना' बोल रहे हैं। अब चूंकि हर चीज का डिजिटलीकरण हो रहा है तो यह बड़ा ही यक्ष प्रश्न है कि फिर चापलूसी का डिजिटलीकरण क्या है ? कोई लिखित साक्ष्य है जो चापलूसी का साइलेंट फीचर्स बता सके?

अंतराष्ट्रीय संस्था ने जारी नहीं की है जिससे कि चापलूसी का मानकीकरण किया जा सके। फिर भी किसी पदार्थ में परमाणु की भांति ही हमारे आस पास परिवेश में चापलूसी का अणु पाया जाना कोई नई खोज नहीं है। ये तो मध्यकालीन इतिहास का तत्व रहा है जब मुगल राजाओं का श्रेय और आश्रय पाने के लिए बड़े बड़े गद्य और पद्य का सृजन किया जाता था। चापलूसी के ऐसे किस्से गढ़े जाते थे कि मानो चापलूसी से बड़ा कोई कार्य नहीं है धरा पे। पहले चापलूसी में लोग वचन और जबान दिया करते थे। लेकिन चूंकि अब फेसबुक का जमाना है तो फेंकने के लिए इससे भी बड़ा उपमा चाहिए इसीलिए लोग अब रक्त, मांसपेशी, ह्रदय और किडनी से नीचे की बात ही नहीं करते। अब चूंकि कोई बॉन्ड पेपर पर तो लिखना है नहीं इसीलिए लोग चापलूसी को फेसबुकी अक्षरों में अंकित करने में थोड़ा सा भी संशय नहीं करते।ये द्रव, ठोस व गैस के बाद पदार्थ की चौथी अवस्था है जिसका रक मात्रक फिक्स नहीं है।

हालांकि सोशल मीडिया ने लोगों को

**व्यंग्य**



आदर्श चापलूस बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ा है। चापलूसी में आदर्शवाद यह एक नया रिसर्च है और यह अभी सिर्फ 10 प्रतिशत लोगों में विद्यमान हैं। ये लोग इतनी चतुरता से चापलूसी करते हैं कि चित्रगुप्त भी शरमा जाए इनकी चापलूसी लिखने में। मोटी चापलूसी तो सभी करते हैं अमूनन जीवन में। लेकिन महीन चापलूसी सबके वश की बात नहीं। इसके लिए बड़ी ही श्रद्धा और लगन की जरूरत होती है। एक हालिया रिपोर्ट में यह बात प्रकाशित हुई थी कि बढ़ते चापलुसिवाद मानव व समाज को गर्त की ओर ले जा रहा है। इसने न सिर्फ सीधे लोगों के विकास में रोड़ा का काम किया है अपितु आने वाली पीढ़ी के लिए एक नया प्रश्न खड़ा किया है कि 'क्या चापलूसी के बिना जीवन सम्भव है या नहीं ?' क्या चापलूसी किसी व्यक्ति का मौलिक अधिकार है या सिर्फ आभासी परिकल्पना ?

ऐसा नहीं है कि चापलूसी के बिना मानव समाज जी नहीं सकते लेकिन आज के प्रदूषित माहौल में थोड़ा सांस लेना मुश्किल है। एक तरफ जहां लोग चापलूसी के किसी भी स्तर पर गिरने को तैयार हैं वहां पर नैतिक मूल्यों का खड़ा रहना थोड़ा सा कठिन सा है। एक ओर जहां लोग उठाने में थोड़ा सा भी बाज नहीं आते वहीं सरलता से दो गज

## स्पीड न्यूज

### रातू : सिमलिया में कुआं से अज्ञात का शव बरामद

**रातू।** पुलिस ने शनिवार की दोपहर सिमलिया रिंग रोड स्थित हीरामणि पेट्रोल पंप के पीछे गौरीराम ओहदार का सरसों लगे खेत के कुआं से एक अज्ञात 35 वर्षीय युवक का शव बरामद किया है। देर शाम तक मृतक की पहचान नहीं हो पायी। एसआई चंद्रनाथ उरांव व एएसआई मनोज कुमार ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये रिम्स भेज दिया। मामले को लेकर रातू थाने में यूडी केस दर्ज किया गया है। युवक ब्लू रंग का जिंस, जैकेट व जूता पहने हुये था। आशंका जतायी जा रही है कि अपराधियों ने उसकी हत्या कर साक्ष्य छिपाने की नीयत से शव को कुंए में डाल दिया। इसकी तफ्तीश की जा रही है।

### अनगड़ा के सिरका में टुसू मेला आज

**अनगड़ा ।** प्रखंड के सिरका में रविवार को सातवां युवा महोत्सव सह टूसू मेला का आयोजन किया गया है। मेला का मुख्य आकर्षण पईका नृत्य मुर्गा लड़ाई प्रतियोगिता बालिका फूटबॉल प्रतियोगिता और टूसू प्रदर्शनी होगा सुन्दर और आकर्षक तीन टूसू को पुरस्कृत किया जाएगा सांत्वना पुरुस्कार भी दिए जाएंगे। बालिका फूटबॉल प्रतियोगिता के प्रथम द्वितीय तृतीय और चतुर्थ स्थान प्राप्त टीमों को नकद राशि और ट्राफी देकर सम्मानित किया जाएगा। उक्त जानकारी मेला आयोजन समिति के रोशन मुडा मुखिया सिरका पंचायत ने दी।

### सोनाहात और राहे में शान से लहराया तिरंगा

**सोनाहातू/राहे।** गणतंत्र दिवस पर पूरे क्षेत्र में शान से झंडा फहराया गया। राहे प्रखंड कार्यालय में प्रमुख लीलमनी देवी, राहे ओपी में प्रभारी रामरेखा पासवान, सुभाष चौक में मनोज चटर्जी, कस्तूरबा राहे में वार्डन परमेश्वरी देवी, भाजपा कार्यालय में चितरंजन महतो, कांग्रेस कार्यालय में कृष्ण कुमार चटर्जी, पेंशनर समाज कार्यालय में अध्यक्ष परमेश्वर लाल इसके अलावा सभी पंचायत सचिवालय में मुखिया के द्वारा झंडात्तोलन किया। इधर सोनाहातू प्रखंड मुख्यालय में बीडीओ प्रमुख विक्टोरिया देवी, थाना में प्रभारी सतीश वर्णवाल, अस्पताल में डॉ जयराम शर्मा, कस्तुरबा स्कूल में वार्डन शशि बाड़ा ने झंडा फहराया।

### सिकिदिरी में शान से लहराया तिरंगा

**सिकिदिरी।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्वर्णरेखा जल विद्युत परियोजना सिकिदिरी कार्यालय में परियोजना प्रबंधक विनय अंगिरा, सिकिदिरी थाना में थाना प्रभारी सत्यप्रकाश रवि, संत एमवाई उच्च विद्यालय ढेलुवा खूंटा में निदेशक जहीर खान, सहेदा मोड़ में झारखंड भवन निर्माण एवं कर्मकार कल्याण बोर्ड के सदस्य पारसनाथ भोगता, जनकल्याण समर्पण संस्थान में अध्यक्ष सुजीत कुमार, उर्दू मध्य विद्यालय कुटे में पंचायत समिति सदस्य अमीर हमजा अंसारी, कुटे पंचायत सचिवालय में प्रभारी मुखिया नाजरीन परवीन,राजेंद्र बेदिया ने झंडोतोलन किया।

अनगड़ा में दुष्कर्म के आरोपी युवक को ग्रामीणों ने दी तालीबानी सजा

# गुप्तांग में भेलवा का तेल मला, युवक की मौत

## 17 आरोपियों को भेजा गया जेल

खबर मन्त्र संवाददाता



**अनगड़ा।** थाना क्षेत्र के मेढ़ा गांव में दुष्कर्म के आरोप में धनीराम मुंडा नामक युवक को ग्रामीणों ने तालीबानी फैसला सुनाकर मार पीट करने के बाद उसके प्राइवेट पार्ट में विशैला भेलवा का तेल मल कर मौत के घाट उतार दिये जाने का एक सन सनीखेज एवं लोमहर्षक मामला सामने आया है। युवक से इस अमानवीय व्यवहार के बाद हत्या के आरोप में अनगड़ा पुलिस ने शनिवार को मेढ़ा गांव के ग्राम प्रधान सहित 17 आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। घटना 16 जनवरी की बताई गयी है। बताया गया कि मेढ़ा गांव की चार युवतियां जोन्हा फॉल से टूसू मेला देखकर जंगल के रास्ते अपने घर मेढ़ा गांव जा रही थीं। इसी बीच आरोप है कि धनीराम मुंडा ने एक युवती को जबरन उठा कर रखापतरा जंगल ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। जानकारी मिलने पर ग्रामीणों ने धनीराम मुंडा को पकड़ कर मार पीट किए और आंगन बाड़ी केंद्र में रात भर बंद कर दिया। दूसरे दिन पुनः उसके साथ मारपीट करने के बाद उसे नपुंसक बनाने की नीयत से निर्वस्त्र करके उसके प्राइवेट पार्ट और शरीर के अन्य हिस्सों में भेलवा का जहरीला तेल मल दिए, जिससे उसका शरीर और प्राइवेट पार्ट जख्मी हो गया। 24 जनवरी को जब उसकी हालत गंभीर हो गई तब उसके घर वालों ने इलाज के लिए जोन्हा स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराए, जहां इलाज के दौरान 25 जनवरी की सुबह उसकी मौत हो गई। इसके बाद मृतक के छोटे भाई बलराम मुंडा ने इसकी सूचना अनगड़ा पुलिस को दी। पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।

### मृतक के भाई ने दर्ज करायी प्राथमिकी

इस मामले में मृतक के भाई बलराम मुंडा के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर 17 नामजद आरोपियों ग्राम प्रधान सत्यनारायण मुंडा, अनील मुंडा, सुलेन्द्र मुंडा, संतोष मुंडा, शिवनाथ मुंडा, दिगंबर सिंह, मुंडा, चरवाह मुंडा, मनीनाथ सिंह मुंडा, खलिन्द्र मुंडा, जलेश्वर मुंडा, नरेश्वर मुंडा, प्रदीप मुंडा, प्रमेश्वर मुंडा, कालेश्वर बेदिया, पीताम्बर मुंडा, मोहर सिंह मुंडा, रंगलाल सिंह मुंडा को जेल भेज दिया। जेल जाने वालों में युवती का पिता और उसका चचेरा भाई भी शामिल है।

## अवैध संबंध में हत्या, क्षत-विक्षत शव बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता

**तमाड़।** प्रखंड के पंडरानी में खेतों के बीच एक अधेड़ व्यक्ति का शव मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव की पहचान पंडरानी के ही सावना कुम्हार के रूप में की गयी। वहीं शव का क्षत विक्षत शव मिलने से लोगों का दिल दहल उठा। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सावना कुम्हार का एक विधवा महिला से अवैध संबंध करीब पांच वर्षों से चल रहा था। जिसको लेकर मृतक का आसपास के लोगों से कई बार झगड़ा हुआ था। मृतक के पुत्र दिनेश कुम्हार ने बताया की मृतक का गालू देवी नामक एक विधवा महिला से अवैध संबंध था। घटना के रात भी मृतक गालू देवी के घर में दरवाजा लगाकर सोया हुआ था। रात के करीब आठ बजे कुछ लोग शालू देवी के घर जा पहुंचे और हल्ला मचाते हुए तेज धारदार हथियार से दरवाजे पर वार करने लगे। आवाज सुनकर सावना कुम्हार घर से बाहर निकाला। घर से बाहर निकलते ही कुछ खड़े लोग उसे खींचकर खेत की तरफ से गए। सावना कुम्हार कुछ समझ पाता तभी घात लगाए अपराधियों ने तेज धारदार हथियार से उसके ऊपर ताबड़तोड़ वार करने लगे। जहां मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

### मृतक के पुत्र ने दर्ज करायी प्राथमिकी

मृतक के पुत्र दिनेश कुम्हार ने गोपाल कुम्हार, दिलीप कुम्हार, श्याम कुम्हार, मगल कुम्हार, इंद्र कुम्हार और संतोष कुम्हार सहित दो अन्य लोगों पर अपने पिता की हत्या का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराया है। इधर शव को पुलिस कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए रिम्स भेज दिया। खबर लिखे जाने तक पुलिस अपराधियों को दबोचने के लिए छापेमारी कर रही है।

## इटकी के गढ़गांव में कार से भिड़ी बाइक, दो घायल

**इटकी।** रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर थाना क्षेत्र के गढ़गांव स्थित डीएवी अलोक पब्लिक स्कूल के समीप शनिवार को हुई। सड़क हादसे में बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये।

सूचना पाकर घटना स्थल पहुंची पीसीआर पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से घायलों को इलाज के लिए बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया। वहीं इटकी पुलिस ने क्षतिग्रस्त बाइक और कार को अपने कब्जे में कर थाना ले आई है। घायलों में बेड़ो थाना क्षेत्र के केशा मोड़ निवासी बिहारी सिंह व गुमला के विकास कुमार का नाम शामिल है। जानकारी के अनुसार विकास कुमार व बिहारी सिंह एक बाइक पर सवार होकर रांची की ओर जा रहे थे। इसी दौरान गढ़गांव डीएवी स्कूल के समीप विपरित दिशा से आ रही कार से टकरा गया। जिससे कार के सामने का चक्का क्षतिग्रस्त हो गया। तथा बाइक पर सवार दोनों व्यक्ति गिर कर घायल हो गये।

## पंचमाटिकरा मैदान बूटी में खेलकूद प्रतियोगिता, नागेंद्र और अर्जुन बने कैरम चैपिंयन

### जन जागृति मंच ने किया झंडोत्तोलन



खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** जन जागृति मंच के संरक्षक लगन लाल महतो राज जनरल स्टोर प्रांगण में एवं संरक्षक राम किशोर ओहदार ने मंच कार्यालय में झंडोतोलन किया। झंडोतोलन के लिए नामों की घोषणा मंच संयोजक रामेश्वर प्रसाद ने की। इस मौके पर महिला एवं पुरुष वर्ग के लिए पंचमाटिकरा मैदान, बूटी में कई प्रतियोगिताएं हुईं। खेलकूद प्रतियोगिता की अध्यक्षता विनय कुमार महतो ने किया। पुरुष वर्ग के लिए 100 मीटर, 800 मीटर, 5000 मीटर दौड़ एवं महिला वर्ग के लिए 100 मीटर, 2000 मीटर की दौड़ के साथ बच्चों एवं 50 से अधिक आयु वर्ग के लोगों के लिए कई आकर्षक प्रतियोगिताएं हुईं। इसमें रांची के विभिन्न क्षेत्र से लोगों ने भाग लिया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को ट्रॉफी, मेडल के साथ कुल 28000 रुपये नगद पुरस्कार दिये गये।

#### कार्यक्रम में थे शामिल

कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष जितेंद्र महतो, कार्यकारी अध्यक्ष महावीर मुंडा, अशरफ अंसारी, कर्मदेव बैठा, बसंत पाहन, बलराम महतो, पवन ओहदार, मोहन महतो, राजन महतो, प्रीतम बैठा, अमर महतो, त्रिदेव महतो, घनश्याम महतो, संजय साहु एवं अन्य सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

## एक नजर में

### प्रखंड एकादश ने जीता सद्भावना क्रिकेट कप



**सोनाहातू।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस प्रशासन के प्रावधान में सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। सद्भावना क्रिकेट मैच में पत्रकार एकादश, थाना एकादश, शिक्षक एकादश और प्रखंड एकादश की टीम मैच खेली। फाइनल मुकाबला शिक्षक एकादश और प्रखंड एकादशी के बीच हुआ, जिसमें 8 विकेट से प्रखंड एकादश की टीम ने मुकाबला को जीत लिया। टूर्नामेंट का उद्घाटन बीडीओ खगेश कुमार और थाना प्रभारी सतीश वर्णवाल ने विधिवत रूप में किया। विजेता टीम और उप विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। मैन ऑफ द सीरीज रामा तिर्की को दिया गया। टूर्नामेंट में शिक्षक एकादश के इंद्रजीत बैठा, विनोद पांडे, पत्रकार एकादश के भुवनेश्वर महतो, ओम प्रकाश सिंह, संतोष मेहता, नेपाल नायक, अवधेश महतो, ओम महतो, प्रखंड से अभिषेक कुमार, त्रिदेव मुंडा आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# ग्रामीण क्षेत्रों में शान से लहराया तिरंगा

## रातू में प्रमुख ने झंडोत्तोलन कर तिरंगे को दी सलामी

खबर मन्त्र संवाददाता



**रातू।** प्रखंड में 75वें गणतंत्र दिवस की धूम रही। मुख्यालय में प्रमुख संगीता तिर्की ने झंडोत्तोलन कर तिरंगे को सलामी दी। वहीं थाने में पुलिस निरीक्षक सपन महथा, ब्रजपुर स्थित शहीद दुनी उरांव के आवासीय परिसर में अवर निरीक्षक चमरा मिंज, कृषक सेवा सहयोग समिति में अध्यक्ष संजीव तिवारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉआईएम होरो, इंडियन पब्लिक स्कूल सिमलिया में निदेशक जावेद मंसुरी, कृषक उवि गड़री में भाजपा नेता मृत्युंजय शर्मा, समर्पणदीप बीएड कॉलेज में प्राचार्य दशरथ महतो, लॉरेंस इंटर कॉलेज में प्राचार्य इफ्तेखार आलम, कार्तिक उरांव इंटर कॉलेज बेलांगी में डॉ रंजीत मिश्र, डीएवी मौर्या पब्लिक हाई स्कूल मुरचू में निदेशक अरुण कुमार व शिव सरस्वती क्लिनिक, पिर्रा में प्रो ब्रजेश शर्मा ने तिरंगा झंडा फहराया और देश के महान विभूतियों को याद किया। इसके अलावा सरकारी व गैर सरकारी स्कूल, कॉलेज, शिक्षण संस्थान, पंचायत तथा चौक-चौराहे में प्रिंसिपल, मुखिया व सम्मानित नागरिकों की ओर से राष्ट्रीय झंडा फहराया गया।

### बच्चों ने बिखेरी कला की छटा

समर्पणदीप बीएड कॉलेज में व डीएवी मौर्या पब्लिक हाई स्कूल में कई प्रतियोगिताएं हुई। दौरान बच्चे-बच्चियों ने मनमोहक कला की छटा बिखेरी। शिक्षाप्रद नुक्कड़ नाटक का भी मंचन किया गया। दर्शक और श्रोताओं ने इसका खूब लुत्फ उठाया। बच्चे निदेशक अरुण कुमार के हाथों पुरस्कृत किये गये।

## ओरमांझी में सांसद ने किया झंडोत्तोलन

खबर मन्त्र संवाददाता



ओरमांझी में झंडोत्तोलन करते राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू।

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। आरटीसी आईटी के छात्र-छात्राओं ने शानदार परेड का प्रदर्शन किए। इसके अलावे सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ओरमांझी में छात्राओं द्वारा राष्ट्रभक्ति गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने शिशु मंदिर ओरमांझी व न्यू स्वर्णरेखा पब्लिक स्कूल गुड्डू पांचा में झंडोतोलन कर भारतीय गणतंत्र के महत्व बताया। इसके अलावा एसएस हाई स्कूल व आरटीसी इंस्टीच्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी आनंदी व आरोही इटरनेशन स्कूल में पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, प्रखंड मुख्यालय में प्रमुख अनुपमा देवी, थाना में थाना प्रभारी आलोक सिंह, सीएचसी में उप प्रमुख रिजवान अंसारी, माउंट कार्मेल स्कूल में मुख्य अतिथि दीपिका कृष्णनन, कलकता पब्लिक स्कूल में निदेशक प्रभास झा, फ्लोरेंस नर्सिंग कॉलेज में सईद अंसारी, सनराईज कॉलेज ऑफ नर्सिंग हुटुप में निदेशक युधिष्ठिर महतो, अमृता नर्सिंग कॉलेज में निदेशक सुनेश्वर महतो, शास्वत इंस्टीच्यूट ऑफ टीचर्स एजुकेशन में अध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा, उदय मेमोरियल बीएड कॉलेज केदल में सचिव संतोष महतो, प्रेमचंद इंटर कॉलेज में प्रेमचंद महतो, विकास इंस्टीच्यूट ऑफ पारा मेडिकल में अध्यक्ष रामलखन मेहता, मेसरा टीओपी में थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह व क्षेत्र के सभी पंचायत सचिवालय में मुखिया द्वारा झंडोतोलन किया गया। जिप सदस्य सरिता देवी, पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू, पूर्व प्रमुख चंपा देवी, पूर्व उप प्रमुख मुनतजी अहमद रजा, पूर्व जिप सदस्य वीणा देवी, रामधन बेदिया, बीडीओ ने झंडोत्तोलन किया।

### शरारती तत्वों ने स्कूल से उखाड़ कर फेंका तिरंगा

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी थाना क्षेत्र के खुदिया गांव स्थित मेरी गोल्ड पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस के अवसर पर फहराया गया तिरंगा झंडे को शरारती तत्वों ने उखाड़ कर फेंक दिया। स्कूल की प्राचार्य संध्या कालीन मिंज ने बताया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्कूल में आठ बजे झंडोतोलन किया गया था। इस के बाद स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चे अपने घर चले गए। थोड़ी देर बाद सूचना मिली कि स्कूल में फहराया गया तिरंगा झंडे को शरारती तत्वों ने उखाड़ कर फेंक दिया है। इस की सूचना सिकिदिरी थाने की पुलिस को दे दी गई है। इधर तिरंगे को उखाड़ कर फेंकने की खबर पर क्षेत्र के लोगों ने कड़ी निंदा की है और कहा कि यह राष्ट्रीय ध्वज का अपमान है।

## झारखंड तैलिक सभा ने केंद्रीय मंत्री से की मुलाकात, कई मुद्दों हुई चर्चा



खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** झारखंड तैलिक साहू सभा के प्रदेश अध्यक्ष महेश महतो व महासचिव मदन साहू ने शनिवार को केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा से उनके दिल्ली स्थित आवास में मुलाकात की। इस दौरान महतो और साहू ने श्री मुंडा को समाज की वर्तमान शैक्षणिक, आर्थिक व राजनीतिक स्थिति से अवगत कराया और ज्ञापन सौंपा। नेताओं ने केंद्रीय मंत्री से तैलिक साहू को लोक और विधान सभा चुनावों में युवाओं को प्रतिनिधित्व देने, शिक्षण संस्थानों में समाज के बच्चे-बच्चियों का नामांकन व नौकरी में आरक्षण दिये जाने की मांग दोहरायी। इस पर श्री मुंडा ने सभा की मांगों को जायज करार देते हुये पार्टी संगठन के शीर्ष नेताओं तथा कैबिनेट के सहयोगियों के समक्ष रख इसे अमल में लाये जाने का भरोसा दिलाया। इससे पूर्व उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट की गयी। सभा के नेताओं ने केंद्रीय मंत्री से मुलाकात और बातचीत को सकारात्मक बताते हुये प्रसन्नता व्यक्त की। श्री महतो ने खबर मंत्र को बताया कि अगले कुछ वर्षों में राज्य के तेली समुदाय को एक नयी पहचान मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि समाज के दिन अब बहुरेंगे।

## मांडर : सड़क हादसे में छात्र की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता



**मांडर।** एनएच 39 मुख्यपथ पर स्थित कंदरी चील टोली के समीप शनिवार सुबह हुई सड़क दुर्घटना में स्कूल जा रहे एक छात्र की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के सरगांव निवासी नंदकिशोर सिंह का सोलह वर्षीय पुत्र रजनीश कुमार सिंह शनिवार की सुबह अपने कंदरी स्थित घर से बाइक में स्कूल जाने के लिए निकला थाए अपने घर की गली से निकलकर वह जैसे ही एनएच पर आयाए ठीक उसी दौरान लोहरदगा की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार से बोलेनो कार ने उसकी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। कार के धक्के से वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलावस्था में उसे स्थानीय लोगों ने मांडर रेफरल अस्पताल पहुंचाया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रेफर कर दिया गयाए पर रिम्स पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गयी। रजनीश ऑक्सब्रिज स्कूल मांडर में पढ़ता थाए उसके मौत की सूचना पर ऑक्सब्रिज स्कूल में शोक की लहर दौड़ गयी। स्कूल में शोक सभा का आयोजन किया गया और रजनीश कुमार सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद अवकाश की घोषणा कर दी गयी। परिजनों के अनुसार रजनीश कुमार सिंह अपने घर का इकलौता पुत्र था उसकी दो बहनें हैं।

## चोरेया मोड़ पर सड़क हादसे में तीन घायल

**चान्हो/मांडर।** प्रखंड क्षेत्र में तीन अलग. अलग सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गए। तीनो रिम्स रेफर। पहली घटना बीजूपाड़ा खलारी मुख्य पथ पर चोरेया मोड़ के निकट हुए सड़क हादसे में पचपन वर्षीय विजय पाठक गंभीर रूप से घायल हो गए। खलारी से वह वापस अपने घर कमड़े लौट रहे थे इसी बीच उक्त स्थान के निकट सड़क पर असंतुलित होकर गिरने के कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गए। रेफरल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें रिम्स रेफर कर दिया गया। वहीं दूसरी ओर मांडर थाना क्षेत्र के सोसई के निकट हुए सड़क हादसे में ब्रांबे निवासी तेईस वर्षीय छोटू उरांव भी घायल हो गया। बीआरखो नदी से वह अपने दोस्त के बर्थडे पार्टी को मनाने के बाद वापस लौट रहा था इसी दौरान उसके बाइक की टक्कर एक दूसरे बाइक से हो गई। प्राथमिक उपचार के बाद इसे भी रिम्स रेफर कर दिया गया। वहीं तीसरी घटना तीस वर्षीय वीरेंद्र उरांव अपने संबंधी रंजीत टोप्पो के साथ अपने बाइक से ब्राम्बे बाजार से कपड़ा खरीद कर वापस अपने घर लौट रहा था कि घटना हो गई।


झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रॉंची पूर्व, रॉंची

अति अल्पकालिन निविदा सूचना –24 / 2023–24

1) विभाग का नाम : पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, रॉंची ।
2) विज्ञापन दाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉंची पूर्व रॉंची ।
3) परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय : 5..2..2024 अपराह्न 5 बजे तक।
4) निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 6. 2. 2024 अपराहन 3:30 बजे तक।
5) निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 6. 2. 2024 अपराह्न 4 बजे।
6) परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : 1) कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉंची पूर्व, रॉंची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता, रॉंची अंचल, रॉंची।
7) निविदा प्राप्ति का स्थान : 1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉंची पूर्व, रॉंची।
8) कार्य विवरणी :

| क्र० | कार्य का नाम | प्रा० राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रु० में) | परिमाण वि० का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Supplying Fitting & Fixing of Kent RO Water Purifier and Repair and Maintenance of Kent Perk RO Water Purifier and necessary water supply pipe and its allied work at Central Administrative Tribunal and Other Govt. Offices Doranda Ranchi under D.W. & S. Division, Ranchi East Ranchi. | 268275.00 | 5400.00 | 750.00 | 07 Days |
| 2. | Seepage repair and Renovation of Toile, Kitchen and Bathroom and Improvement of W/S and sanitary fittings & Sewerage Work at Hazaribagh police academy at U.S. Block-2 of Police academy Hazaribagh,Government of Jharkhand Ranchi Under D. W. & S. Division Ranchi East, Ranchi. (Part-A). | 2498650.00 | 50000.00 | 5000.00 | 30 Days |
| 3. | Construction of 6 Nos 2 Sets Toilet with water supply arrangement at Kaksha shed at Premises Area, C.I.A.T, Padma Government of Jharkhand Ranchi Under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi.(Part-A) | 2412676.00 | 48300.00 | 5000.00 | 30 Days |
| 4. | Seepage repair and Renovation of Toile, Kitchen and Bathroom and Improvement of W/S and sanitary fittings & Sewerage Work at Hazaribagh police academy at U.S. Block-1 of Police academy Hazaribagh,Government of Jharkhand Ranchi Under D. W. & S. Division Ranchi East, Ranchi. (Part-A) | 2498650.00 | 50000.00 | 5000.00 | 15 Days |
| 5. | Installation of 25 Ltrs. Geyser, replacement of old sanitary fittings and seepage repairing and other allied works at Officer's Flat No.-17/28 Nepal House, C/8, C/14 Behind Indira Palace and other High Court Pool quarters under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 709806.00 | 14200.00 | 1250.00 | 07 Days |
| 6. | Renovation of toilet cum bathroom and replacement of sanitary fittings and other allied works at Judges Guest House No.-132(GYM), Doranda under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 2422234.00 | 48500.00 | 5000.00 | 15 Days |
| 7. | Overhauling of 2000 LPH Iron cum Turbidity Removal filtration plant, Carbon Filter Plant with multiple valve, & necessary water supply pipe line and its allied work at Judge Bungalow No. - 2 Doranda Ranchi under D.W. & S. Division, Ranchi East Ranchi. | 567205.00 | 11400.00 | 1250.00 | 07 Days |
| 8. | Supplying Fitting & Fixing of Geyser and other allied misc. work at High Court Judges Bungalow no-1, 5, 12, 119 and Officers flat no-D-15/18,D-11/12, New judge bungalow no.2 and Others High Court Pool Quarters Doranda Ranchi under D.W. & S. Division, Ranchi East Ranchi. | 452544.00 | 9500.00 | 750.00 | 07 Days |
| 9. | Repairing of different size of sluice valve and leakage repair of CI/DI pipe at Jharkhad Vidhan Sabha Campus and leakage repair in the Govt. building and staff quarters under D. W. and S. Division Ranchi East, Ranchi | 575328.00 | 11600.00 | 1250.00 | 07 Days |
| 10. | Seepage repair & renovation of toilet and bath room, improvement of W/S, Sanitary fittings, Sewerage Work at Quarter Nos. B-2308, B-652 & B-2528 of Sector-II and others Jharkhand Govt. pool quarters, HEC Campus , Dhurwa, Ranchi under D.W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 1399748.00 | 28000.00 | 2500.00 | 15 Days |
| 11. | Seepage repair and Renovation of 10 Nos Bathroom and Improvement of W/S and sanitary fittings & Sewerage Work & RCC Staging with Roof (3.00m x 2.00m x 4.50m) at near Jhelam barrack at Premises Area, C.I.A.T, Padma,Government of Jharkhand Ranchi Under D. W. & S. Division Ranchi East, Ranchi. (Part-B) | 1618771.00 | 32400.00 | 5000.00 | 15 Days |
| 12. | Renovation of Toilet and bath room, and kitchen, Improvement of W/S, sanitary fittings & Sewerage Work at Quarterno. C-189 (Behind Indira place), and other Jharkhand vidhan sabha pool quartes, Ranchi Under D W&S.Division Ranchi East Ranchi. | 725914.00 | 14600.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 13. | Seepage repair and Renovation of Toile, Kitchen and Bathroom and Improvement of W/S and sanitary fittings & Sewerage Work at Hazaribagh police academy at L.S. Block-A of Police academy Hazaribagh,Government of Jharkhand Ranchi Under D. W. & S. Division Ranchi East, Ranchi. (Part-A) | 2489060.00 | 49800.00 | 5000.00 | 15 Days |
| 14. | Seepage repair & renovation of toilet and bath room, improvement of W/S, Sanitary fittings, Sewerage Work at Quarter Nos. CD-512 of Sector-II, CD-442 Sector-III and others Jharkhand Vidhan Sabha pool quarters, HEC Campus , Dhurwa, Ranchi under D.W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 890834.00 | 17900.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 15. | Renovation of toilet cum Bath room, improvement of W/S, S/I & sewerage work Hon'ble residence Qtr No. F-25 of sector –III and others Jharkhand Government pool quarter H.E.C. campus. Dhurwa Ranchi | 1206888.00 | 24200.00 | 2500.00 | 15 Days |

आवश्यक शर्तों के लिए देखें www.jharkhand.gov.in
Email ID- eedwsd.ranchieast@gmail.com
PR 317094 Drinking Water and Sanitation(23-24).D

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्व० प्र० रॉंची पूर्व रॉंची

# 75 वां गणतंत्र दिवस

## शुभ अवसर पर समस्त बालूमाथ प्रखंडवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



**इरफान खान**
एनके एरिया अध्यक्ष
बिहार कोलयरी कामगार यूनियन (सीटू)

**अरविंद कुमार**
सचिव-यूनाइटेड कोलवर्कर
यूनियन केडीएच शाखा

**दिनेश भर**
यूसीडब्लूयू के वर्किंग प्रेसिडेंट
एनके एरिया

**कन्हाई पासी**
सिस्टा राष्ट्रीय संगठन सचिव
एनके एरिया

**देवपाल मुंडा**
सिस्टा अध्यक्ष एन के एरिया

**रंथु उरांव**
झामुमो नेता सह झारखंड कोलयरी मजदूर
यूनियन एरिया सेक्रेटरी एनके एरिया

**कमल मुंडा**
केंद्रीय सरना समिति अध्यक्ष
मैक्लुस्कीगंज,सह राष्ट्रीय
कोलयरी मजदूर संघ एनके एरिया



**उमेश साहू**
निदेशक
साहू ट्रेडर्स.

**रौशन गिरि**
संचालक, आर एस ट्रेडर्स
मैक्लुस्कीगंज

**बालेश्वर भोगता**
विस्थापित नेता एनके एरिया

**अनिल कुमार**
पासवान केंद्रीय महासचिव एससी मोर्चा
(झारखंड पार्टी)

**प्रकाश कुमार प्रजापति**
झारखंड पार्टी प्रखंड महासचिव
खलारी

**मुकेश यादव**
झामुमो युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष

**अनिल कुमार पासवान**
झामुमो खलारी प्रखंड अध्यक्ष



**बाबुलाल गंझू**
आजसू केन्द्रीय सदस्य
(खलारी)

**साबिर अंसारी**
कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष
खलारी

**सुनील यादव**
रैयत विस्थापित मोर्चा,
डकरा शाखा अध्यक्ष

**अनिल यादव**
विश्व हिंदू परिषद
राँची जिला ग्रामीण सेवा प्रमुख

**जितेंद्र नाथ पांडेय**
भाजपा सांसद प्रतिनिधि
सह सहकारिता विभाग खलारी प्रखंड

**सुजीत कुमार**
एनके एरिया महाप्रबंधक

**हरि शंकर यादव**
समाज सेवी खलारी



**सुरेन्द्र यादव**
समाजसेवी खलारी

**नारायण महतो**
युवा प्रतिनिधि सह समाजसेवी
खलारी

**पंकज कुमार नागवंशी**
समाजसेवी खलारी

**हफिजुल खान**
समाजसेवी खलारी

**सत्यनारायण यादव**
समाजसेवी खलारी

**गोल्टेन प्रसाद यादव**
अध्यक्ष जनता मजदूर संघ
एनके एरिया

**गिरधर मिश्रा राम**
अध्यक्ष सह समाजसेवी पर्सनाचार्य
सर्वांगीण विकास केंद्र दुर्गा मंडप हुटाप




**सरस्वती शिशु विद्या मंदिर**
डकरा।

**टेंडर हार्ट नर्सरी स्कूल**
मैक्लुस्कीगंज

**मनोज शर्मा**
प्रधानाचार्य
मैक्लुस्कीगंज इंटर कॉलेज

**सुशांत पाठक**
प्रिंसपल कंचनजंघ इंटरनेशनल स्कूल
मंगरुतरी मैक्लुस्किगंज

**रमेश चौहान**
निदेशक सह प्रधानाध्यापक
रॉयल प्रोग्रेसिव स्कूल। मोहन नगर डकरा

**रंथु साहु**
प्रधानाध्यापक
उत्क्रमित मध्य विद्यालय
महावीर नगर उपर टोला,खलारी

**डॉ0 इरशाद**
प्रभारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र
खलारी




**जागृति बिहार**
मैक्लुस्कीगंज

**राणा जंग बहादुर सिंह**
मैक्लुस्कीगंज थाना प्रभारी

**अभिषेक कुमार चौहान**
निदेशक सह प्रधानाचार्य
झारखंड पब्लिक स्कूल मोहन नगर डकरा

**टी.डी जोशी**
सहायक प्रधानाध्यापक,
डॉन बॉस्को एकेडमी मैक्लुस्कीगंज

**श्याम लोहरा**
खलारी कोयलांचल समाज सेवी

JANET ACADEMY
[Nur. to 12th ]
(Affiliated to C.B.S.E, New Delhi)
Vill. Hesalong
P.O. + P.S. - McCluskiegunj
Dist. Ranchi, (Jharkhand)
829208
Website:
www.janetacademy.com
Contact No.:
8757093092

**ललिता देवी**
मुखिया चुरी उत्तरी पंचायत



**सुनीता देवी**
मुखिया चुरी मध्य पंचायत

**शिवरत मुंडा**
हुटाप पंचायत मुखिया

**मलका मुंडा**
मुखिया चुरी दक्षिणी पंचायत

**पुष्पा खलखो**
मुखिया मायापुर

**पुतुल देवी**
मुखिया लपरा

**बीरेंद्र यादव**
समाज सेवी खलारी

**अमित यादव**
समाज सेवी खलारी

# फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने निजामुद्दीन दरगाह पर लगायी हाजरी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राजधानी दिल्ली स्थित प्रसिद्ध सूफी संत हजरत ख्वाजा निजामुद्दीन औलिया की दरगाह पर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने शुक्रवार देर रात में हाजिरी दी। वहां पर उन्होंने सूफियाना कव्वाली का भी आनंद लिया। वह आधा घंटा से अधिक दरगाह प्रांगण में ठहरे और उन्होंने सूफीवाद के बारे में जानकारी भी प्राप्त की।

इस मौके पर दरगाह के सज्जादा-नशीनों के साथ-साथ दीगर जिम्मेदारान भी मौजूद थे। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने अपनी भारत यात्रा के अंतिम पड़ाव पर दरगाह हजरत ख्वाजा निजामुद्दीन औलिया पर हाजिरी देकर विश्व को शांति का

- **दरगाह में सूफियाना कव्वाली का लिया आनंद**
- **कहा-भारत में 750 साल पहले पनपने वाले सूफिज्म से काफी प्रभावित हूं**

संदेश देने का प्रयास किया है। इसके साथ ही यह बताने का प्रयास किया गया है कि वह सूफीवाद से काफी प्रभावित हैं। उन्होंने सूफी संत हजरत ख्वाजा निजामुद्दीन औलिया के प्रमुख शिष्य हजरत ख्वाजा अमीर खुसरो की दरगाह की भी जियारत की। इस मौके पर राष्ट्रपति ने दरगाह में उपस्थित सज्जादानशीनों और अन्य लोगों से अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा है कि वह भारत में लगभग 750 साल पहले पनपने वाले सूफिज्म से काफी प्रभावित हैं और



उनके सिद्धांतों को पसंद करते हैं। दरगाह के चीफ इंचार्ज काशिफ निजामी ने बताया कि जिस समय राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों दरगाह प्रांगण में आए, वहां काफी गहमागहमी थी। काफी लोग उनके स्वागत के लिए वहां पर मौजूद थे। राष्ट्रपति ने दरगाह हजरत ख्वाजा निजामुद्दीन औलिया और दरगाह हजरत ख्वाजा अमीर खुसरो पर हाजिरी दी और अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। दरगाह पर राष्ट्रपति का परम्परागत तरीके से स्वागत भी किया गया।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति ने वहां हो रही सूफियाना कव्वाली का भी आनंद लिया और काफी समय व्यतीत किया। ख्वाजा के दरबार में आकर वह काफी खुश नजर आए और उन्होंने राष्ट्रपति का दरगाह कमेटी और अन्य लोगों की तरफ से धन्यवाद भी व्यक्त किया। ज्ञातव्य है कि ख्वाजा निजामुद्दीन औलिया की दरगाह पर भारत आने वाले कई राष्ट्राध्यक्षों ने हाजिरी दी हैं। इसमें अब ताजा और एक नया नाम राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों का जुड़ गया है।

## एक नजर में

### फिल्म कंगुवा से बॉबी देओल का लुक रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल के जन्मदिन के अवसर पर उनकी आने वाली फिल्म कंगुवा से उनका लुक रिलीज हो गया है। बॉबी देओल फिल्म 'कंगुवा' में अभिनेता सूर्या के साथ नजर आयेंगे।बॉबी देओल के जन्मदिन के अवसर पर मेकर्स ने सोशल मीडिया पर फिल्म कंगुवा से बॉबी का पहला लुक जारी किया है। यूवी क्रिएशंस ने बॉबी का पहला लुक शेयर करते हुए लिखा, निर्दयी. ताकतवर, अविस्मरणीय। हैप्पी बर्थडे सर। फिल्म कंगुवा में बॉबी देओल उदरिन की भूमिका में दिखाई देंगे। सोशल मीडिया पर लोग उनके इस खतरनाक लुक को काफी पसंद कर रहे हैं।

### ट्रंप को मानहानि मामले में झटका, कैरोल को 83.3 मिलियन डॉलर देने का आदेश

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आखिरकार मानहानि केस में शुक्रवार को लेखिका ई जीन कैरोल से मात खा गए। मैनहट्टन जूरी ने उन्हें लेखिका कैरोल को 83 .3 मिलियन डॉलर देने का आदेश दिया है। ट्रंप ने जूरी के फैसले का खिलाफ विरोध करते हुए कहा कि इसके खिलाफ अपील करेंगे। इस केस पर द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, डोनाल्ड ट्रंप शुक्रवार को अंतिम बहस के दौरान अदालत कक्ष से उठकर बाहर चले गए ।द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, मैनहट्टन जूरी ने लेखिका ई. जीन कैरोल को 2019 में बदनाम करने के लिए 83 .3 मिलियन डॉलर का भुगतान करने का आदेश दिया। कैरोल ने ट्रंप पर बलात्कार का आरोप लगाया था। इसके बाद ट्रंप ने कैरोल पर सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये हमले जारी रखे। जूरी ने लगभग तीन घंटे तक विचार–विमर्श करने के बाद आदेश में कहा कि ट्रम्प ने दुर्भावना से काम किया। कुछ दिन पहले ट्रंप ने एक दिन में अपनी ट्रुथ सोशल वेबसाइट पर कैरोल के बारे में 40 से अधिक उपहासपूर्ण पोस्ट किए ।न्यायाधीश लुईस ए कपलान ने शाम करीब 4 :30 बजे फैसला सुनाया। इसके बाद अदालत कक्ष में सन्नाटा छा गया।

# राजद में फैसला लेने के लिए लालू अधिकृत

एजेंसी

पटना। बिहार में मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य में राजद में कोई भी निर्णय लेने के लिए पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को अधिकृत किया गया है। राजद के राज्यसभा सदस्य मनोज झा ने शनिवार को संवाददाताओं को बताया कि पार्टी के विधायकों, मंत्रियों और अन्य वरिष्ठ नेताओं की बैठक के दौरान सर्वसम्मति से लालू प्रसाद यादव को बिहार में मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य में कोई भी निर्णय लेने के लिए अधिकृत किया गया है। उन्होंने बताया कि बैठक में उपस्थित सभी नेताओं ने हाथ उठाकर राज्य में अस्थिर राजनीतिक परिदृश्य में निर्णय लेने के लिए श्री यादव को अधिकृत किया। श्री झा ने कहा कि बैठक के दौरान राष्ट्रीय महत्व और बिहार से संबंधित सभी मुद्दों पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य पर कड़ी नजर रख रही है। उन्होंने कहा कि बिहार में अब तक महागठबंधन सरकार काम कर रही है। उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव के आवास पर बुलाई गई राजद विधायकों की

**बिहार में सियासी हलचल**



महत्वपूर्ण बैठक के दौरान पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने महागठबंधन सरकार में पार्टी कोटे के सभी विधायकों और मंत्रियों से सरकार की उपलब्धियों के बारे में लोगों को जागरूक करने को कहा। बैठक में सभी विधायकों ने कहा कि वे पार्टी नेतृत्व के निर्णय का पालन करेंगे। इस बीच राजद सुप्रीमो श्री यादव ने पार्टी के सभी विधायकों को अगले कुछ दिनों तक पटना में मौजूद रहने को कहा है। साथ ही उन्होंने सभी से एकजुट रहने को कहा।

### बिहार में सत्ता की चाभी मांझी के पास

**पटना।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के संरक्षक जीतनराम मांझी अपने चार विधायकों के साथ बिहार में सत्ता की चाभी बनकर उभरे हैं। राजग में किसी तरह की सेंध से बचने और जादुई आंकड़ा सुनिश्चित करने के लिए भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने शनिवार को आनन-फानन में श्री मांझी से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने करीब आधे घंटे तक बंद कमरे में बिहार के बदले राजनीतिक परिदृश्य पर चर्चा की।

**नीतीश का हर निर्णय बिहार के हित में होता है : जदयू**

जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का हर निर्णय बिहार के हित में होता है और वह जो भी फैसला लेंगे उसका राज्य की जनता समर्थन करेगी। श्री रंजन ने कहा कि श्री नीतीश कुमार देश के उन गिने चुने नेताओं में से एक हैं, जिनके जीवन का हर क्षण बिहार की जनता के लिए समर्पित है ।



गणतंत्र दिवस परेड : नयी दिल्ली में शुक्रवार को कर्तव्य पथ पर झारखंड की झांकी।

# यूपी में 11 लोकसभा सीटों पर लड़ेगी कांग्रेस

एजेंसी

**लखनऊ।** विपक्षी दलों के गठबंधन आईएनडीआईए के प्रमुख घटक दल कांग्रेस उत्तर प्रदेश में लोकसभा की 11 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। गठबंधन की घटक दल समाजवादी पार्टी ने इस पर सहमति जताई है। प्रदेश में राष्ट्रीय लोक दल के लिए लोकसभा की 07 सीटों पर पहले ही सहमति बन चुकी है। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के जरिए उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के साथ सीट बंटवारे की जानकारी दी है। अखिलेश ने लिखा है कि कांग्रेस के साथ 11 लोकसभा सीटों से हमारे सौहार्दपूर्ण गठबंधन की अच्छी शुरूआत हो रही है। ये सिलसिला जीत के समीकरण के साथ और भी आगे बढ़ेगा। अखिलेश की इस पोस्ट के साथ ही प्रदेश में आईएनडीआईए के घटक दलों के बीच सीट शेयरिंग को लेकर उथल-पुथल की अटकलों पर विराम लग गया है। इससे पहले, अखिलेश ने राष्ट्रीय लोक दल के लिए लोकसभा की 07 सीटें छोड़ने की जानकारी दी थी। उत्तर प्रदेश में लोकसभा की 80 सीटें हैं। आईएनडीआईए के सीट बंटवारे के सवाल पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि यह ज्यादा दिनों तक टिकने वाला नहीं है। जैसे-जैसे चुनाव करीब आएंगे वैसे-वैसे इस में दरारें सामने आने लगेंगी।

# पतन की ओर बढ़ रहा है इंडिया गठबंधन : त्यागी

**पटना ।** बिहार में तेजी से बदलते राजनीतिक परिदृश्य के बीच जदयू ने शनिवार को कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा कि उसके गैरजिम्मेदाराना रवैये के कारण विपक्षी गठबंधन इंडिया पतन की ओर बढ़ रहा है। जदयू के राष्ट्रीय महासचिव और पार्टी प्रवक्ता के. सी. त्यागी ने संवाददाताओं से कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कड़ी मेहनत के बाद विपक्षी गठबंधन इंडिया की नींव रखी है। उन्होंने कहा कि श्री कुमार के प्रयासों से ही इंडिया गठबंधन की शुरूआत हुई लेकिन गठबंधन की सबसे बड़ी

- **कांग्रेस अपनी जिम्मेदारी निभाने में विफल : जदयू**

पार्टी के रूप में कांग्रेस अपनी जिम्मेदारी निभाने में विफल रही।

श्री त्यागी ने कहा कि कांग्रेस के असंवेदनशील और गैर-जिम्मेदार रवैये के कारण इंडिया गठबंधन पतन की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पश्चिम बंगाल में निर्वाचित सरकार के स्थान पर राष्ट्रपति शासन लगाने की कोशिश कर रही है। इस तरह के रवैये से पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी क्रोधित हो गईं और उन्होंने राज्य में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को प्रवेश की अनुमति देने से इनकार कर दिया, जिससे गठबंधन में मामले और बिगड़ गए। जदयू नेता ने कहा कि पंजाब में कांग्रेस और आप के बीच आमना-सामना हो गया है और उनके रिश्ते इतने तनावपूर्ण होते जा रहे हैं कि सुधार से परे जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा और शिरोमणि अकाली दल के हाथ मिलाने की संभावना प्रबल हो गई है। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि कांग्रेस ने नीतीश कुमार के मजबूत विपक्षी गठबंधन इंडिया के सपने को चकनाचूर कर दिया है।

### पीएम आज सुप्रीम कोर्ट के हीरक जयंती समारोह का उद्घाटन करेंगे

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 जनवरी को दोपहर 12 बजे सुप्रीम कोर्ट के हीरक जयंती समारोह का उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन सुप्रीम कोर्ट के सभागार में किया गया है।

सुप्रीम कोर्ट के 75वें वर्ष का अनावरण करते हुए प्रधानमंत्री नागरिक केंद्रित सूचना और प्रौद्योगिकी पहल शुरू करेंगे जिसमें डिजिटल सुप्रीम कोर्ट रिपोर्ट (डिजी-एससीआर), डिजिटल कोर्ट 2.0 और सुप्रीम कोर्ट की नई वेबसाइट शामिल हैं। इस अवसर पर वह सभा को भी संबोधित करेंगे। डिजी-एससीआर की मुख्य विशेषताएं यह हैं कि 1950 के बाद से 36,308 मामलों को कवर करने वाली सुप्रीम कोर्ट रिपोर्ट के सभी 519 खंड डिजिटल प्रारूप में, बुकमार्क किए गए, उपयोगकर्ता के अनुकूल और खुली पहुंच के साथ उपलब्ध होंगे।

# केंद्रीय सशस्त्र बलों में महिलाओं की संख्या दोगुनी से अधिक हुयी : मोदी

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि पिछले 10 वर्षों में केंद्रीय सशस्त्र बलों में महिलाओं की संख्या दोगुनी से अधिक हो गई है। उन्होंने कहा कि दुनिया आज भारत की बेटियों को हर क्षेत्र में अपनी योग्यता साबित करते हुए देख रही है। प्रधानमंत्री ने दिल्ली के करियप्पा परेड ग्राउंड में वार्षिक एनसीसी पीएम रैली को संबोधित किया। मोदी ने इससे पहले यहां एक सांस्कृतिक कार्यक्रम देखा और सर्वश्रेष्ठ कैडेट को पुरस्कार प्रदान किया। उन्होंने कहा कि रैली 'एक दुनिया, एक परिवार, एक भविष्य' की भावना को मजबूत कर रही है। मोदी ने कहा कि 2014 में इस रैली में 10 देशों के कैडेट थे, आज यह संख्या 24 हो गई है। यह देखते हुए कि ऐतिहासिक 75वां गणतंत्र



दिवस नारी शक्ति को समर्पित था, मोदी ने कहा कि देश ने जीवन के हर क्षेत्र में भारत की बेटियों द्वारा की गई प्रगति को प्रदर्शित किया है। प्रधानमंत्री ने उस समय को याद करते हुए जब समाज में महिलाओं की भूमिका सांस्कृतिक व्यवस्थाओं और संगठनों तक ही सीमित थी। उन्होंने कहा कि दुनिया आज भारत की बेटियों को हर क्षेत्र में अपनी योग्यता साबित करते हुए देख रही है, चाहे वह भूमि, समुद्र, वायु या अंतरिक्ष हो।

## पेज एक का शेष

### बिहार में आज...

**नीतीश ने सभी कार्यक्रम टाले :** अगले दो-तीन दिनों के लिए नीतीश कुमार ने पार्टी के कार्यक्रमों को टाल दिया गया है। वहीं लालू की पार्टी नीतीश के जवाब का इंतजार कर रही है। राजद चाहती है कि नीतीश कुमार बिहार की ताजा राजनीतिक हालातों को स्पष्ट करें। राजद और जदयू के बीच गहरी खाई बन गयी है। नीतीश ने शनिवार को लालू का फोन तक नहीं उठाया। लालू-तेजस्वी से नीतीश की बातचीत बंद चल रही है। उधर कांग्रेस विधायक दल में टूट की संभावना के मद्देनजर कांग्रेस आलाकमान ने मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को ताजा राजनीतिक घटनाक्रम पर नजर रखने की जिम्मेवारी सौंपी है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के दस्तखत से जारी आदेश में भूपेश बघेल को राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का को-आर्डिनेटर बनाया गया और ताजा घटनाक्रम को लेकर भी टास्क सौंपा गया है।

### भारत-फ्रांस कई ...

दोनों नेताओं ने संयुक्त वक्तव्य में द्विपक्षीय सहयोग में प्रगति की सराहना की और द्विपक्षीय सहयोग के तीन व्यापक स्तंभों - शांति और समृद्धि के लिए साझेदारी, धरती और जनता के लिए साझेदारी में संप्रभुता और रणनीतिक स्वायत्तता के प्रति अपनी साझा प्रतिबद्धता को और मजबूत करने के लिए इसे और तेज करने की प्रतिबद्धता जतायी। इस बीच, भारत और फ्रांस के बीच लंबे समय से चली आ रही दोस्ती की पुष्टि करते हुए राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने शुक्रवार को कहा कि फ्रांस और भारत के बीच दोस्ती लंबे समय तक कायम रहे. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की आयोजित भोज के दौरान अपने संबोधन की शुरूआत में, मैक्रॉन ने अपने प्रतिनिधिमंडल के गर्मजोशी से स्वागत के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया।

### आज पूरी दनिया की ...

**पूरी दुनिया में झारखंड की चर्चा :** रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने ध्वजारोहण के बाद लोगों को बधाई दी और सरकार की उपलब्धियां गिनाई। राज्यपाल ने कहा कि आज झारखंड पर विश्व की नजर है। रांची में आयोजित एफआइएच ओलंपिक क्वालीफायर्स महिला हॉकी की चर्चा करते उन्होंने कहा कि पिछले साल नवंबर में हॉकी एशियन चैंपियनशिप के शानदार आयोजन के बाद इस आयोजन ने खेल के क्षेत्र में दुनिया का ध्यान झारखंड ने अपनी ओर खींचा। इन सब पर हम गर्व कर सकते हैं। झारखंड जैसे राज्य से कई खिलाड़ी अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन राज्य और देश का नाम रौशन करेंगे। अबुआ आवास योजना की चर्चा करते हुए कहा कि इस योजना के तहत तीन कमरों का मकान गरीब लोगों को दिया जायेगा। सरकार नियुक्ति की प्रकिया चला रही है। अब तक 27 हजार लोगों को नियुक्ति पत्र दिया गया है।

**भ्रष्टाचार मुक्त शासन पहली प्राथमिकता :** राज्यपाल ने कहा कि भ्रष्टाचार योजनाओं को लोगों तक पहुंचने में बाधक नहीं बनेगी। किसी भी रूप में भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। राज्य में पुलिस एवं अर्धसैनिक बलों ने नक्सलवाद को नियंत्रित करने में शानदार उपलब्धि हासिल की है। राज्य में सिंचाई सुविधा का विस्तार करने की दिशा में कोई 49 सिंचाई योजनाओं का पुनरुद्धार कार्य पूर्ण कर लिया गया है। पीएम जनमन योजना के माध्यम से जनजातीय समूह को विशेष रूप से आदिम जनजातीय समूह को मूल धारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

**इको टूरिज्म को मिलेगा बढ़ावा :** हमारे राज्य में इको टूरिज्म की भी अपार संभावनाएं हैं। राज्य के गरीबों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाने की दिशा में देवघर एम्स मील का पत्थर है। आज देश-विदेश की कई बड़ी औद्योगिक कंपनियों झारखंड में निवेश करने में रुचि ले रही है। राज्य को विकास की ओर ले जाने के लिए पूरे राज्य में सरकार सड़कों का जाल बिछा रही है। वहीं हवाई परिवहन को बेहतर बनाने के लिए देवघर में नए हवाई अड्डे की भी स्थापना की गई है। दुमका तथा बोकारो में भी उड़ान सेवा प्रारंभ करने का कार्य अपने अंतिम चरण पर है।

# देश के भाग्य को आकार देंगे छात्र : अर्जुन मुंडा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा ने शनिवार को जनजातीय विद्यार्थियों से कहा कि वे भविष्य के नेता हैं जो अमृत काल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के स्वप्न को साकार करने के लिये देश के भाग्य को आकार देंगे। ये जनजातीय विद्यार्थी देश के विभिन्न क्षेत्रों से गणतंत्र दिवस परेड देखने आये थे। श्री मुंडा शनिवार को नयी दिल्ली स्थित अपने निवास पर इन 550 से अधिक विद्यार्थियों से मिले। नौवीं और दसवीं कक्षा के ये छात्र मंत्रालय द्वारा दी जा रही मैट्रिक-पूर्व छात्रवृत्ति योजना के लाभार्थी हैं। इस अवसर पर श्री मुंडा ने राष्ट्रीय राजधानी में कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस समारोह व्यक्तिगत रूप से देखने के लिये

### दिल्ली में 550 से अधिक जनजातीय छात्रों से मिले

जनजातीय बच्चों को आमंत्रित करने पर श्री मोदी को धन्यवाद दिया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए श्री मुंडा ने विभिन्न राज्यों से दिल्ली में एकत्रित छात्रों के बीच की विविधता को देखते हुये सभा को लघु भारत कहा।

उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री के एक भारत श्रेष्ठ भारत के विचार का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है। श्री मुंडा ने विद्यार्थियों को अपने भविष्य को आकार देने में मंत्रालय की छात्रवृत्ति का सर्वोत्तम उपयोग करने के लिये प्रोत्साहित करते हुये कहा कि आप भविष्य के नेता हैं और अमृत काल में प्रधानमंत्री के विकसित भारत को प्राप्त करने के लिये हमारे देश की नियति को आकार देंगे। उन्होंने कहा कि कोई



भी राष्ट्र तभी प्रगति कर सकता है, जब उसके युवा ईमानदार और शिक्षित हों। शिक्षा सफलता की कुंजी है क्योंकि यह कई अवसरों के द्वार खोलती है। उन्होंने छात्रों से संकल्प लेने को कहा कि उन्हें जो अवसर मिला है, उसका लाभ वे देश को वापस देंगे। श्री मुंडा ने कहा कि आपको ज्ञान की निरंतर खोज से अपने व्यक्तित्व का विकास करना जारी रखना चाहिये क्योंकि आपकी सफलता देश की सफलता है। इस अवसर पर जनजातीय मामलों के सचिव विभु नायर ने विद्यार्थियों के साथ बातचीत की और उनसे राष्ट्रीय राजधानी की उनकी पहली यात्रा के दौरान के अनुभवों के बारे में पूछा। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने अनुभवों, सीखों और प्रेरणाओं को अपने साथी छात्रों के साथ साझा करने और उन्हें उन विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी देने के लिये प्रोत्साहित किया, जिन्हें केन्द्र सरकार आदिवासियों, विशेष रूप से युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए लागू कर रही है।

### केरल के राज्यपाल को मिली जेड प्लस सुरक्षा

**नयी दिल्ली।** केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को जेड प्लस सुरक्षा प्रदान की गई है। राज्यपाल के प्रवक्ता ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। इससे पहले



राज्यपाल खान शनिवार को एसएफआई कार्यकर्ताओं की ओर से काले झंडे दिखाने और बाद में उनकी कार के करीब आने के बाद कोल्लम के नीलामेल में सड़क किनारे विरोध में धरने पर बैठ गए थे। राज्यपाल ने केंद्रीय गृह सचिव से मामले की शिकायत की थी। राज्यपाल कार्यालय की ओर से कहा गया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केरल राजभवन को सूचित किया है कि सीआरपीएफ का जेड प्लस सुरक्षा कवर राज्यपाल और केरल राजभवन तक बढ़ाया जा रहा है।


VERMA PRESS ®

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

